राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 306 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



# रन विराट..रिकॉर्ड विराट..शतक विराट

## भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराया, भारत पहुंचा फाइनल में, विराट ने वनडे करियर का 50वां शतक लगाया

**विराट शतक**

**8 वनडे करियर का 50वां शतक लगाया। अब वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**भारत** ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूर्नामेंट फाइनल में पहुंची थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट 397 रन बनाए। विराट कोहली ने करियर की 50वीं वनडे सेंचुरी जमाते हुए 117 रन की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट हो गई। डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 7 विकेट लिए। वहीं विश्व कप 2023 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल में विराट कोहली ने इतिहास रच दिया। उन्होंने वनडे करियर का 50वां शतक लगाया। अब वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में विराट ने महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन खुद इस मैच को देखने के लिए वानखेड़े में मौजूद रहे। कोहली ने उनके सामने उनके घर में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सचिन ने 452 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए थे। वहीं, कोहली ने 279वीं पारी में 50 शतक लगा दिए हैं। कोहली ने 113 गेंद में 117 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने नौ चौके और दो छक्के लगाए। कोहली को साउदी ने कॉन्वे के हाथों कैच कराया। विराट ने किसी एक विश्व कप में सबसे ज्यादा 50+ के स्कोर का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह उनका इस विश्व कप में आठवां 50+ का स्कोर है। इससे पहले सचिन ने 2003 विश्व कप में और शाकिब अल हसन ने 2019 में सात-सात बार 50+ का स्कोर बनाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50+ के स्कोर के मामले में भी विराट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। विराट ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 217 बार 50+ का स्कोर बनाया है। इस मामले में उन्होंने रिकी पोंटिंग की बराबरी की। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने 264 बार ऐसा किया था। इससे पहले विराट ने इस मैच में 80 रन बनाते ही किसी एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का सचिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। सचिन ने 2003 विश्व कप में 673 रन बनाए थे। वहीं, विराट ने 80 रन बनाते ही 711 रन बना लिए और सचिन को पीछे छोड़ दिया। विराट ने 2019 विश्व कप में लगातार सबसे ज्यादा बार 50+ का स्कोर बनाने के मामले में भी सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा था। सचिन ने 1996 और 2003 विश्व कप में लगातार चार-चार बार पचास से ज्यादा का स्कोर किया था। वहीं, विराट कोहली 2019 विश्व कप में लगातार पांच बार ऐसा किया था। श्रेयस ने इस विश्व कप में लगातार चौथी बार 50+ का स्कोर करके सचिन की बराबरी की।

### 'क्रिकेट के भगवान' के आगे नतमस्तक हुए किंग कोहली

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**न्यूजीलैंड** के खिलाफ सेमीफाइनल में विराट कोहली ने वनडे करियर का 50वां शतक जड़ा। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन ने वनडे में 49 शतक लगाए थे। शतक लगाने के बाद विराट कोहली भावुक हो गए। वह घुटने के बल गिर गए और हेलमेट निकाला। फिर खड़े होकर सचिन के आगे नतमस्तक हो गए। सचिन वानखेड़े में ही मौजूद थे और उन्होंने विराट को अपना रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखा। इसके बाद विराट को अपने आगे नतमस्तक देख सचिन ने खड़े होकर ताली बजाई। सचिन से स्टैंडिंग ओवेशन पाकर विराट और भावुक हो गए। वहीं, डेविड बेकहम और पूरे स्टेडियम ने विराट को स्टैंडिंग ओवेशन दिया।





### विराट ने खेली अविश्वसनीय पारी: सचिन



**सचिन** ने विराट के वनडे क्रिकेट में 50 शतक पूरे करने को अविश्वसनीय बताया। भारतीय पारी के बाद सचिन ने कहा- हम सभी को उन पर गर्व है। उनका करियर अविश्वसनीय रहा है। सचिन तेंदुलकर ने उस दौर को भी याद किया जब विराट कोहली पहली बार भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बने थे। उन्होंने कहा- बाकी खिलाड़ियों ने उनके साथ प्रैंक (मजाक) किया और कहा कि आप इनके (सचिन तेंदुलकर के) पैर छुओ। इससे आपका करियर अच्छा होगा। इस पर मैं बहुत हंस रहा था। आज उनका करियर जिस मुकाम पर है उसे देखकर हम सभी को उन पर गर्व है। वहीं, बेकहम ने विराट की तारीफ करते हुए कहा कि वह पहली बार भारत आए हैं और उनके लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा- ये दिवाली का मौका है और विराट कोहली जैसा खेले वो अविश्वसनीय था।

# 'कद में छोटे और अहंकार में बड़े हैं ज्योतिरादित्य'

**तीखा प्रहार**

**8 केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर तंज कसते हुए उन्हें छोटे कद और बड़े अहंकार वाला व्यक्ति करार दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए हो रहे चुनावी प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसते हुए उन्हें छोटे कद और बड़े अहंकार वाला व्यक्ति करार दिया। प्रियंका गांधी ने ग्वालियर के पूर्व शाही परिवार के वंशज पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। सनद रहे कि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने करीबियों की मदद से कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को गिरा दिया था। कांग्रेस महासचिव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि वह छोटे कद और बड़े अहंकार वाले व्यक्ति हैं। जब वह पिछले साल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सिंधिया के साथ काम कर रही थीं तो उन्होंने पाया कि वह बेहद अहंकारी हैं।

# राजस्थान से भी जा रही है कांग्रेस: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/बायतु (राजस्थान)**
**पीएम** मोदी ने बायतु विधानसभा सीट पर बुधवार को एक जनसभा की है। जनसभा के दौरान पीएम ने राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर सीधा हमला बोला है। मोदी ने कहा कि पूरा राजस्थान कह रहा है- जा रही है कांग्रेस, आ रही है भाजपा।

**कांग्रेस का डिब्बा गुल:** प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस का डिब्बा गुल है, अब राजस्थान की बारी है। पूरा देश आज भाई दूज का त्योहार मना रहा है और ये मेरा सौभाग्य है कि मैं आज राजस्थान की अपनी बहनों के बीच आया हूं। मोदी ने कहा, 'मैं दिल्ली से जल जीवन मिशन का पैसा भेजता हूं, लेकिन ये कांग्रेस के लोग आदतन मजबूर उसमें भी कमीशन खा जाते हैं। कांग्रेस के लोग पानी जैसे पुण्य काम में भी पैसे कमाने का कारोबार करते हैं, भ्रष्टाचार करते हैं। मेरे जो भाई-बहन अब तक सरकार की योजनाओं से वंचित हैं, अब सामने जाकर उनका हक उन्हें दिया जाएगा।'



**राजस्थान में सुरक्षित नहीं मासूम बच्चियां:** पीएम ने कहा कि डालीबाई की इस पावन धरा पर माताओं-बहनों के मान सम्मान के लिए जान की बाजी लगा दी जाती है। ऐसे राजस्थान को कांग्रेस ने महिलाओं के प्रति अत्याचार में सबसे आगे ला दिया है। हमारी माताओं-बहनों का घर से निकलना भी मुश्किल है, मासूम बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं। जब कांग्रेस के एक मंत्री विधानसभा में राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताकर महिला अपराध की पैरवी करे, तो अपराधियों के हौसले बुलंद हो ही जाते हैं।

**दावा**

**8 'मैं दिल्ली से जल जीवन मिशन का पैसा भेजता हूं, लेकिन ये कांग्रेस के लोग उसमें भी कमीशन खा जाते हैं'**

# जे&के: सड़क हादसा, 37 की मौत, 19 घायल

## किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी बस, डोडा में 300 फीट गहरी खाई में गिरी



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के डोडा जिले के अस्सार इलाके में बुधवार को एक बस 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 37 लोगों की मौत हो गई। 19 घायल हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है। बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। पुलिस और की टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव का काम किया। बस बुरी तरह डैमेज हो गई थी इसलिए इसे काटकर डेड बॉडी और घायलों को बाहर निकालना पड़ा। घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोडा बस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। पीएम ने कहा- डोडा बस हादसा दुखद है। इसमें जान गंवाने वालों के परिजन के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

**गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के एलजी ने दुख जताया:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू बस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- डोडा बस हादसे के बारे में जानकर आहत हूं। स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# सीएम धामी रेस्क्यू ऑपरेशन पर रख रहे नजर

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तरकाशी** जिले के सिलक्यारा में टनल में फंसे 40 श्रमिकों को बचाने के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री लगातार कमिश्नर व आईजी गढ़वाल और राहत व बचाव में लगी एजेंसियों से पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। बुधवार को इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम में होने के बावजूद मुख्यमंत्री धामी कमिश्नर गढ़वाल और आईजी गढ़वाल से सिल्क्यारा में संचालित हो रहे



रेस्क्यू ऑपरेशन की निरंतर अपडेट लेते रहे। मुख्यमंत्री ने युद्धस्तर पर चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं राहत एवं बचाव एजेंसियों का हौसला बढ़ाया। इंदौर में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे समक्ष बड़ी चुनौती आ खड़ी हुई है, जिसका सामना हमें पूरी हिम्मत, हौसला और धैर्य से सफलतापूर्वक करना है। राज्य सरकार, प्रशासन, केंद्रीय एजेंसियों एवं केंद्र सरकार का हमें पूरा सहयोग मिल रहा है।

**अपडेट**

**8 मुख्यमंत्री कमिश्नर व आईजी गढ़वाल और राहत व बचाव में लगी एजेंसियों से पल-पल की अपडेट ले रहे हैं**

# दिल्ली के लोगों की सांसों पर फिर सितम ढाने लगी हवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहरीली** हवा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लोगों की सांसों पर फिर सितम ढाने लगी है। समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले 48 घंटे से 'गंभीर' श्रेणी में है। आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार आज सुबह दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 430, आरकेपुरम में 417, पंजाबी बाग में 423 और जहांगीरपुरी में 428 रहा। बोर्ड ने कल सुबह कहा था कि दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 450 पर आ गया।

# इजराइल की सेना गाजा के अल शिफा अस्पताल के बेसमेंट में घुसी

**टीम एक्शन इंडिया/तेल अवीव/यरुशलम**
**गाजा** पट्टी में युद्ध के 40वें दिन की सुबह बुधवार को इजराइल की सेना हमास के पनाहगाह के रूप में सुर्खियों में आए सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा में घुस गई। सैनिक बेसमेंट में पहुंच चुके हैं। यहां हमास के खूंखार कमांडरों के छुपे होने की पुख्ता खुफिया सूचना पर यह कदम उठाया गया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमास के आतंकियों को चुपचाप आत्मसमर्पण करने के लिए चेताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईडीएफ ने इस अस्पताल के बेसमेंट की सेटेलाइट तस्वीर भी जारी की है। जवानों ने बेसमेंट में मोर्चा संभाल लिया है।



**न्याय के संरक्षक**

## हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर तीन श्रेणियों में शुरू होंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

# 'कानून-व्यवस्था को बनाए रखना एक विकसित लोकतंत्र की आधारशिला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोक सभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 75वें बैच के लिए संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के बारे में आयोजित परिबोधन पाठ्यक्रम का आज संसद परिसर में उद्घाटन किया। इस प्रतिष्ठित सेवा में चयन पर प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को बधाई देते हुए बिरला ने आशा



व्यक्त की कि वे न्याय के संरक्षक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और अत्यंत उत्कृष्टता के साथ देश में कानून और व्यवस्था बनाए रखेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिष्ठित भारतीय पुलिस सेवा के लिए चुना जाना उनकी लगन, बुद्धिमत्ता और निष्ठा का प्रमाण है, क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल होने वाले उम्मीदवारों को विश्व स्तर पर अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट माना जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के रूप में उन्हें कानून और न्याय व्यवस्था, जो एक निष्पक्ष और उन्नत समाज तथा एक विकसित लोकतंत्र की आधारशिला है, को बनाए रखते हुए राष्ट्र के प्रति योगदान करने का उत्कृष्ट अवसर मिला है। यह टिप्पणी करते हुए कि अधिकारियों के लिए संसदीय प्रक्रियाओं को व्यापक रूप से समझना कितना आवश्यक है, बिरला ने लोकतांत्रिक संरचना की कार्यकारी, विधायी और न्यायिक शाखाओं के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की आवश्यकता पर जोर दिया।

**मार्गदर्शन**

**8 कार्यकारी, विधायी, न्यायिक शाखाओं के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की आवश्यकता पर जोर दिया**

# 'टीचर्स ट्रेनिंग पर सालाना 83 अरब खर्च हो'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**इंफोसिस** के को-फाउंडर एनआर नारायणमूर्ति ने बुधवार 15 नवंबर को कहा कि भारत को स्कूल टीचर्स की ट्रेनिंग पर सालाना एक अरब डॉलर (करीब 83 अरब रुपए) खर्च करने चाहिए। इसके लिए दुनियाभर से बहुत योग्य 10 हजार रिटायर्ड टीचर्स बुलाने होंगे, जो हमारे 2500 टीचर्स को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमैटिक्स में बेहतर तरीके से ट्रेंड कर सकें। नारायण मूर्ति ने यह भी कहा कि हालांकि यह कोर्स ही काफी नहीं होगा। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम एक साल का होना चाहिए। इंफोसिस फाउंडर ने ये बातें बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं।



**सुझावों का स्वागत है- नारायण मूर्तिः** भारत में तरह-तरह के सुझाव आते हैं और मुझे यकीन है कि हमारे पास एक्सपर्ट्स का एक समूह है जो उन सुझावों का एनालिसिस करेगा। यदि यह सार्थक पाया गया तो वे इसे आगे बढ़ा सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इन सभी सुझावों का स्वागत किया जाना चाहिए, जब तक कि ये देश की भलाई की भावना से दिए गए हों। इंफोसिस के एक अन्य को-फाउंडर और फाउंडेशन के ट्रस्टी बोर्ड के अध्यक्ष एस गोपालकृष्णन ने कहा, जैसे-जैसे हमारी जीडीपी बढ़ती है, हमें कुछ अलग करने की जरूरत है। हम एक ही रास्ते पर चलकर तरक्की नहीं कर सकते। इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने एक चौंकाने वाले बयान में कहा कि युवाओं को कहना चाहिए कि "यह मेरा देश है।

**सुझाव**

**8 नारायण मूर्ति बोले- इसके लिए दुनिया से बेहद काबिल 10 हजार रिटायर्ड टीचर बुलाने होंगे**

# डॉ परमार के प्रयासों से मिला हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा: चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाई. एस. परमार के गांव बागथन एवं गांव वासियों को सलाम व नमन करता हूं जहां से एक महान विभूति ने जन्म लिया। यह उदगार कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने बाल दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बनाने का श्रेय हिमाचल के पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर वाई.एस. परमार को जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व हमारा कोई राज्य नहीं था हमें आज फक्र है कि हिमाचल प्रदेश में अपनी विधानसभा है और हम अपने प्रदेश का कानून स्वयं बनाते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर वाई एस परमार और राजा



वीरभद्र सिंह द्वारा हिमाचल के विकास के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रदेश सडक शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर उन्नति कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले एवं हर गांव में आज बिजली एवं अन्य सुविधाएं पहुंची है। उन्होंने पछाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी का अच्छा प्रदर्शन न किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को पुराने गिले शिकवे मिटाकर एकजुट होकर आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयार होना होगा। कृषि मंत्री ने हाल ही में प्रदेश में आई त्रासदी व प्रदेश को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इस त्रासदी से हिमाचल को बहुत नुकसान पहुंचा है। जिस कारण बहुत लोग बेघर हो गए हैं। ऐसे प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रदेश के लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सूकखू ने 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है, जिसके तहत कच्चे या पक्के मकान के पूर्ण क्षतिग्रस्त होने पर पुनः घर निर्माण के लिए सरकार द्वारा 7 लाख रुपये देने के अलावा सरकारी दरों पर सीमेंट व मुफ्त में पानी और बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे। कृषि व पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने कहा कि पेयजल योजनाओं के स्त्रोतों


**नमन**

**8 हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाई. एस. परमार के गांव बागथन एवं गांव वासियों को सलाम व नमन करता हूं**

को सुदृढ़ कर हर घर तक नल से शुद्ध जल पहुंचाना प्रदेश सरकार का ध्येय है। उन्होंने कहा कि प्रमोशन व बैचवाइज आधार पर 3000 पदों को शिक्षा विभाग में भरा जा रहा है तथा उन अध्यापकों दूर दराज के क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के बाद भाजपा सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों की पेंशन बंद कर दी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही प्रदेश के कर्मचारियों का पेंशन बहाल कर कर्मचारी एवं उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित किया है। इससे पूर्व कृषि मंत्री ने सिरमौर जिले की गगल शिकोर में 12 लाख रुपए से निर्मित पटवार भवन का लोकार्पण किया। मेला कमेटी ने मुख्य अतिथि को शाल, टोपी व डांगरा तथा उनकी धर्मपत्नी कृष्णा चौधरी को भी शाल व टोपी देकर सम्मानित किया। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने कृषि विभाग सिरमौर द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर स्थानीय बालिकाओं द्वारा शानदार गिद्दा प्रस्तुत किया गया । मंत्री ने बालिकाओं को 21000 रू की राशि अपनी एछिक निधि से देने की घोषणा की।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव दयाल प्यारी व पूर्व मंत्री गंगू राम मुसाफिर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समस्याओं को मंत्री जी के समक्ष रखा। स्थानीय प्रधान सरोज बाला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा जिला अध्यक्ष आनंद परमार ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# 19 साल बाद फिर से फिल्म प्रोडक्शन में लौटे पूर्व प्रधान कुंदन



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

दिवाली के उपलक्ष्य पर मनाली फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तलेए पूर्व प्रधान कुंदन लाल ने सुपने न ऐंदा गाने की एक और वीडियो एल्बम रिलीज कर दी है इस एलबम के गाने को कुल्लू के प्रसिद्ध लोक गायिका सुदर्शना ठाकुर ने गया है। गाने को सकीना नेगी पर फिल्माया गया है। इस वीडियो का फिल्मांकन पूर्ण ठाकुर द्वारा किया गया है। एल्बम के निमार्ता व निर्देशक कुन्दन लाल के इस गीत को राग स्टूडियो राजेन्द्र आचार्या ने अपने संगीत से सजाया है। इसका फि ल्मांकन गुलाबा की नैसर्गिक वादियों में किया गया है।

आज के दौर और पुरानी संस्कृति की दर्शाता यह गीत काफी सराहा जा रहा है। मनाली फि ल्म प्रोडक्शन के निर्माता व निर्देशक कुंदन लाल का कहना है कि आने वाले वीडियो एल्बम में जाने माने कुल्लबी प्रसिद्ध लोक गायक धर्मेंद्र शार्मा और गोपाल शार्मा ने गाए हैं। ये वीडियो एल्बम्स भी जल्द ही दर्शकों को उपलब्ध होंगी।

# भीड़भाड़, शोर से दूर कसौली हिल्स में बनेगा मोतियाज एंटालिया, मिलेंगी सर्वोत्तम सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/मनीष**

रियल एस्टेट डेवलपर मोतियाज ने कसौली की आकर्षक पहाडियों में अपने नए प्रोजेक्ट मोतियाज एंटालिया के शिलान्यास के लिए विशेष आयोजन किया। इस शानदार और लग्जरी प्रोजेक्ट का शिलान्यास मोतियाज ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकुल बंसल के दादा प्रेम चंद बंसल द्वारा भूमि पूजन के साथ किया गया। यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से लोगों की सुविधाओं के अनुसार तैयार किया गया है। मोतियाज ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकुल बंसल ने कहा कि एंटालिया ट्रेडिशनल रियल एस्टेट प्रयासों के दायरे से अलग है, यह एक लग्जरी जीवन की कल्पना के अनुसार तैयार किया गया है। हमारा मुख्य उद्देश्य खरीदारों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। हिमाचल प्रदेश का बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन कसौली है। भीड़भाड़ और शोर से दूर यहां सुकून के पल बिता सकते हैं। कसौली में यह प्रोजेक्ट लग्जरी और सुकून से भरा है।

आरामदायक होने के साथ-साथ यहां प्रकृति से जुड़ाव होगा। उन्होंने बताया कि एंटालिया लगभग 31 ग्रैंड कॉटेज के विकास के साथ लग्जरी जीवन की अवधारणा को फिर से परिभाषित करेगा। इसके आधार पर एंटालिया को डिजाइन किया गया है।

ये एक्सीलेंस कॉटेज कसौली घाटी के लुभावने प्राकृतिक वैभव के अंदर होंगे, जो निवासियों को शहरी जीवन की हलचल से दूर मानसिक शांति प्रदान करने की कोशिश करेगा। प्रकृति की गोद में बसे घर की तलाश करने वालों के लिए मोतियाज एंटालिया तैयार किया गया है। इस नए उद्यम के साथ मोतियाज रियल एस्टेट उद्योग में सबसे आगे बना हुआ है, सीमाओं को पार कर रहा है और एक्सीलेंस से नए मानक स्थापित कर रहा है।

# बसाल में दो दिवसीय बिजेश्वर देवता मेला शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**बुधवार** से बसाल पंचायत में दो दिवसीय बिजेश्वर मेला हुआ शुरू, स्कूली बच्चों समेत बढ़ों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया है आयोजन किया गया है। बच्चों के लिए चम्मच रेस, फ्रॉग रेस वहीं बड़ो के लिए कबड्डी का आयोजन किया गया है जिसमें महिला वर्ग की टीमें भी भाग ले रही है। वहीं कल विशाल दंगल का आयोजन मेले में किया जाएगा जिसमे हिमाचल समेत बाहरी राज्यों के पहलवान हिस्सा लेंगे। बुधवार को जानकारी देते हुए मेला कमेटी बसाल के सदस्य मोहन शर्मा ने बताया कि बसाल मेला पुरातन काल से चलता आया है।

# पांवटा साहिब द स्कॉलर्स होम स्कूल में पूर्व छात्रों ने की मंत्रणा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

द स्कॉलर्स होम स्कूल के स्कूल प्रांगण में पूर्व छात्रों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले 10 साल तक के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था। इस मुलाकात पर उपस्थित विद्यार्थी एवं अध्यापक गण बहुत खुश हुए और अध्यापकों ने गौरवान्वित महसूस किया कि उनके द्वारा पढ़ाए हुए बच्चे आज विभिन्न पदों तक पहुंच चुके हैं। जो विद्यार्थी इस अवसर पर नहीं पहुंच सके उन्होंने अपने संदेश अपने मित्रों और अपने अध्यापकों तक पहुंचा, जिसको सुनकर उपस्थित सभी सदस्य भाव



विभोर हो गए। इस अवसर पर उपस्थित स्कूल निदेशक डॉ.नरेंद्र पाल सिंह नारंग, गुरमीत कौर नारंग और पूर्व अध्यापिकाएं अलका खंडूजा और ज्योति अरोड़ा भी मौजूद थे। उन्होंने भी अपने विचार तथा अपनी बीती हुई यादें साझा की। अपने विचार रखते हुए ज्योति अरोड़ा ने बताया कि हमें हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए क्योंकि उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए इन्होंने ही हमें सहारा दिया। अलका खंडूजा ने भी अपने बीते हुए दिनों की यादों को ताजा करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनावों के लिए भाजयुमो पूरी तरह तैयार, अब मंडल सशक्तिकरण को लेकर किया जा रहा कार्य: भूपेंद्र ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**



17 नवंबर को भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ऊना में होने जा रही है। इसे लेकर युवा मोर्चा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बैठक में मंडल सशक्तिकरण के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी। बुधवार को सोलन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष सोलन भूपेंद्र ठाकुर उर्फ सन्नी ने बताया कि साल 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए हिमाचल भारतीय जनता युवा मोर्चा चारों सीट पर जीत दिलाने के लिए मेहनत करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो में मंडल स्तर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कामों को लेकर जाएगा। इसके अलावा पूर्व में जयराम सरकार के कामों को भी लोगों तक पहुंचाने का काम होगा। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष कपिल ठाकुर, जिला प्रवका विशाल वेष, जिला के सह प्रवक्ता शिव कल्याण और मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर मोजुद रहे।

### जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक दलों से आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने गत दिवस बताया कि सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं व कार्यक्रमों का गीत-संगीत एवं नाटकों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के लिए निजी सांस्कृतिक दलों को दो वर्ष के लिए सूचीबद्ध किया जा रहा है। स्क्रीनिंग में प्रस्तुति के आधार पर उत्तीर्ण होने वाले सांस्कृतिक दलों को सूचीबद्ध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हिमाचल प्रदेश सहकारिता अधिनियम के अधीन पंजीकृत सांस्कृतिक दल आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक निजी सांस्कृतिक दल में कम से कम चार महिला कलाकारों सहित कुल 11 कलाकार होने अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सांस्कृतिक दल अपना आवेदन निदेशालय, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हि.प्र., शिमला-171002 के कार्यालय में 04 दिसम्बर, 2023 तक जमा करवा सकते हैं। इस तिथि के उपरांत आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदनकर्ता सूचिबद्धता की शर्तें एवं आवेदन-पत्र को विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

# 16 से 18 नवंबर तक नाहन गुरुद्वारा से महिमा लाइब्रेरी तक रोड रहेगा बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**नाहन** नगर परिषद नाहन शहर की सडकों की बिगड़ी हालत को सुधारने के लिए कमर कस चुकी है। नगर परिषद नाहन गुरुद्वारा से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के नजदीक तक पहले चरण में सडक की टायरिंग का काम शुरू करेगी। उसके बाद 1 दिन में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से चंबा ग्राउंड की तरफ जाने वाली सडक पर टायरिंग का काम चलाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद के द्वारा अंतिम दिन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से सिंगला मार्ट तक इंटरलॉक टाइलें



लगाएगी। नगर परिषद द्वारा इस कार्य को लेकर तैयारियां भी कर ली गई है। सडक की टायरिंग के दौरान यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध करने को लेकर नगर परिषद द्वारा प्रशासन से अनुमति भी ले ली गई है। यही नहीं नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के

**टायरिंग**

**8 पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के नजदीक तक पहले चरण में सडक की टायरिंग का काम शुरू करेगी**

द्वारा लोगों से भी अपील की गई है कि 16 से 18 नवंबर तक गुरुद्वारा साहिब से लेकर सिंगला मार्ट यानी महिमा लाइब्रेरी तक इस मार्ग का प्रयोग बिल्कुल भी ना करें। खबर की पुष्टि नाहन नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर के द्वारा की गई है।

उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक गुरुद्वारा से लेकर पहले चरण में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस तकए अगले दो चरणों में डीआईसी के सामने चंबा ग्राउंड तक की सडक व अंतिम चरण में सिंगला मार्ट तक टायरिंग व इंटरलॉक टायरिंग का काम चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में जहां-जहां नगर परिषद के अधिकारी क्षेत्र में सडके खराब हैं उन्हें सिलसिलेवार सुधारा जाएगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जहां-जहां भी सडकों की मेटलिंग और इंटरलॉक टायरिंग का काम किया जाएगा वहां पूरी तरह से गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा।

# बॉम्बे पिकनिक स्पॉट के बाहर से बाइक चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उपमंडल** अंब के तहत घेबट बेहड़ स्थित बॉम्बे पिकनिट स्पॉट के बाहर से चोरी हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जतिन कुमार निवासी देहरा जिला कांगड़ा ने बताया कि कुछ रोज पहले अपनी बाइक पर घेवट बेहड़ स्थित बॉम्बे पिकनिक स्पॉट पर आया था। बाइक लॉक करने के बाद पिकनिक स्पॉट के सामने पार्किंग क्षेत्र में खड़ी कर दी थी। वापिस लौटने पर पिकनिक स्पॉट के बाहर आया, तो बाइक गायब थी।

# 'बिरसा मुंडा ने जनजातीय अधिकारों के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उठाई आवाज'

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/ नरेंद्र अंगारिया**

**जनजातीय** अधिकारों के लिए भगवान विरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए उनके जन्म दिन को आज जिला लाहौल स्पीति के जनजातीय संग्रहालय सभागार में गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। जनजातीय गौरव दिवस में सहायक आयुक्त संकल्प गौतम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर संकल्प गौतम ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय अधिकारों के लिए अंग्रेजी शासन के विरूद्ध अवाज उठाई और जनजातीय समाज के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने कहा कि



जनजातीय गौरव दिवस के रूप में उनके द्वारा किये गये कार्यो को याद करते हुए जनजातीय संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन के लिये किये गये सभी के प्रयासों को याद करना है। ताकि भावी पीढी को जनजातीय स्वतंत्रता सैनानियों द्वारा किये गये बलिदानों से अवगत करवाया जा सके साथ ही जनजातीय क्षेत्रों के सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने व राष्ट्रीय गौरव व भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए आदिवासियों द्वारा किये प्रयासों को सम्मान देने के लिए दिवस मनाया जाता है। संकल्प गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ष बिरसा मुंडा के जन्म दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि इस कडी में पुलिस मैदान केलंग से यूरनाथ तक मिनी मैराथन दौड का आयोजन किया गया तथा लाहौल कला मंच द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# स्वर्णिम वाटिका में पूर्व सीएम वीरभद्र की प्रतिमा की दुर्गति



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**सराज** कांग्रेस कार्यकताओं में सराज के बगस्याड स्थित स्वर्णिम वाटिका में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के सर्वमान्य लोकप्रिय छःबार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा की दुर्गति से सराज के कांग्रेसी नेताओं के प्रति खासा रोष व्याप्त है। सराज कांग्रेस के कार्यकताओं का कहना है सराज में कांग्रेस नेता अपने आप को बड़ा नेता कहलाते हैं मगर जिनकी वजह से आज राज कांग्रेस जिंदा है उस गरीबों के मसीहा सर्वमान्य नेता वीरभद्र सिंह की प्रतिमा की क्या दुर्गति की जा रही है क्या उसे पर किसी भी सराज कांग्रेस के कांग्रेसी नेता का ध्यान नहीं गया। क्या मात्र वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि तक ही यह लोग वीरभद्र सिंह की प्रतिमा की इज्जत करते हैं उसके बाद उसे प्रतिमा का उनकी तस्वीर का क्या हश्र हो रहा है किसी ने कोई ध्यान नहीं गया। ना युवा कांग्रेस ना महिला कांग्रेस न इंटर किसान सेल

**कद्र नहीं**

**8 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कांग्रेसी नेताओं को नहीं वीरभद्र सिंह की कद्र**

सभी कांग्रेस के अग्रिम विभाग वीरभद्र सिंह की इज्जत नहीं करते। स्वर्णिम वाटिका बगस्याड में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का हश्र देख कर लगता है वीरभद्र सिंह जी के जाने के बाद सराज कांग्रेस के नेताओं में उनकी इज्जत शून्य हो गई है। सराज कांग्रेस के कार्यकताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया रोजाना यहां से कई दिग्गज कांग्रेसी नेता गुजरते हैं मगर किसी ने भी छह बार के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की तस्वीर जो खंडित अवस्था में वह गिरी हुई है उठाने की जहमत नहीं उठाई इससे प्रतीत होता है सिराज कांग्रेस के कांग्रेसी नेताओं में वीरभद्र सिंह की इज्जत शून्य हो चुकी है।

# पच्छाद के कवागधार में 22 वो 23 नवंबर को होगा श्री भूरशिंग महादेव मेला

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**जिला** सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के लोगों के आराध्य देव भुरेश्वर महादेव मंदिर कवागधार में दो दिवसीय मेले का आयोजन 22 व 23 नवंबर को किया जाएगा। श्री भूरेश्वर महादेव मंदिर कमेटी अध्यक्ष मदन मोहन मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले का शुभारंभ 22 नवंबर को उद्योगपति एवं समाजसेवी विनोज शर्मा करेंगे।जबकि 23 नवंबर को मेले का समापन डीसी सिरमौर सुमित खिमटा द्वारा किया जाएगा। मदन मोहन अत्री ने बताया कि मेले के दोनों दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जो कि सुबह 10 से 5 बजे तक चलेगा। मेले के दोनों दिन कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होगी।मेले की विशेष पहचान विशाल दंगल भी आयोजित होगा। साथ ही दोनों दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा देव परंपरा के अनुसार श्रद्धापूर्वक देव कार्य भी किए जोलो पाणी रे दिवे नामक गीत पर पीरन मेले में झूमे लोग पीरन में भैया दूज पर आयोजित मेला धूमधाम से सम्पन्न शिमला 15 नवंबर। भैया दूज के अवसर पर पीरन में जुन्गा देवता के नाम पर अतीत से मनाए माने जाने वाला पारंपरिक मेला मंगलवार को संपन हुआ। इस मेले में मशोबरा ब्लॉक के अतिरिक्त सीमा पर



लगते सिरमौर जिला से आए सैंकड़ों ने मेले का भरपूर आन्नद उठाया। लोगों के मनोरंजन के लिए समिति द्वारा लोक नाट्य उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महासूवी सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने सिंहटू नृत्य के अतिरिक्त एक से बढकर एक पहाड़ी लोकेगीत गाकर मेले में आए लोगों का भरपूर मनोरजंन करवाया गया। पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कला मंच के कलाकारों ने दीप नृत्य जोलो पाणी से दीवे गीत गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया। जिसमें कलाकारों द्वारा सिरमौर के परात नृत्य की झलक भी लोगों को देखने को मिली। प्रसिद्ध लोक गायिका बिमला चैहान ने कूल्लू वाली शॉल लाई दे पहाड़ी गीत सुनाकर लोगों की वाही वाही लुटी।इस मौके पर मंच के कलाकारों ने साहिब चपरासी और रिडकूआ पशीडुआ लघु नाटिका प्रस्तुंत करके जहां लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया वहीं पर स्थानीय भाषा में हास्य व्यंग्य सुनाकर लोगों को हंसाकर लोटपोट कर दिया। मेले में सिंहटू नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें कलाकारों द्वारा विभिन्न जंगली जीव जंतुओं के मुखौटे पहनकर जहां पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया वहीं पर लोगों ने इस नृत्य का भरपूर आन्नद लिया।पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की संस्कृति पूरे विश्व में सबसे समृद्ध है जिसका सरंक्षण करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उन्होने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार पहाड़ी गीतों को रिमिक्स करके पेश किया जा रहा है वह उचित नहीं है इससे लोकगीतों की मौलिकता विलुप्त होने के कागार पर आ गई है। इस मौके पर वर्ड बुक ऑफ रिकार्ड और एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करवा चुके जोगिन्द्र हाब्बी ने बताया कि उनका उददेश्य जहां प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का सरंक्षण एवं संवर्धन करना है।

# राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज आकांक्षी जिला चंबा के जनजातीय उपमंडल मुख्यालय भरमौर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की पहचान आज सम्पूर्ण विश्व में एक ताकतवर राष्ट्र के रूप में उभरी है। देश की नव-उन्नत प्रौद्योगिकी का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा



कि मात्र 25 वर्ष की अल्प आयु में ही उन्होंने ब्रितानियों से अपनी ताकत का लोहा मनवाया था।शिव प्रताप शुक्ल ने इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दो माह तक चलने वाली इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जनसाधारण तक पहुंचाना है।

राज्यपाल ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने लोगों से भी केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं से जुडकर इनसे लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

**विकास यात्रा**


**8 भारत की पहचान आज सम्पूर्ण विश्व में एक ताकतवर राष्ट्र के रूप में उभरी है : राज्यपाल**

कार्यक्रम के दौरान झारखंड के उलिहातू गांव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया । इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक दलों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने स्थानीय पारंपरिक लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने प्रसिद्ध-ऐतिहासिक एवं धार्मिक 84 मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भी की। इससे पहले भरमौर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने राज्यपाल का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने राज्यपाल को शाल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन तंवर ने लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल को शाल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। स्थानीय विधायक डॉ जनकराज, संयुक्त सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय गोपाल साधवानी, राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम कुलबीर सिंह राणा, सदस्य निदेशक मंडल राज्य कोऑपरेटिव बैंक ललित ठाकुर, सदस्य निदेशक मंडल राज्य पथ परिवहन निगम सुरजीत भरमौरी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# साहसिक एवं धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा लाहुल स्पीति: रवि ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/नरेंद्र अंगारिया**

**लाहुल** स्पीति को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं बनाई जा रही हैं जिनके पूरा होते ही लाहुल स्पीति घाटी देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाएगी। लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि लाहुल स्पीति को साहसिक एवं धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन की रीढ़ कही जाने वाली सडकों की हालत को आपदा के बाद काफी हद तक सुधारा जा चुका है। लाहुल प्रशासन आने वाले सर्दी के मौसम को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है। रवि ठाकुर ने कहा कि जुलाई अगस्त के महीनों में प्रदेश में आई आपदा से लाहुल स्पीति भी अछूता नहीं रहा है। घाटी में पेयजल एवं सिंचाई



योजनाओं और स्त्रोतों को काफी नुकसान हुआ है। 21 प्रतिशत ग्लेशियर्स लाहुल स्पीति में होने के चलते, लाहुल स्पीति पूरे उत्तर भारत का पानी का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि आपदा से हुए नुकसान को लेकर 15 करोड़ की राहत राशि बनती जा चुकी है। आपदा प्रबंधन समिति के निदेशक डीसी राणा व प्रदेश सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी लाहुल स्पीति का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया था। रवि ठाकुर ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से लाहुल स्पीति पिछड़ा न रहे इसको लेकर सभी संपर्क और मुख्य मार्ग पूरी तरह दुरुस्त कर लिए गए हैं । लाहुल स्पीति से गुजरने वाली सीमा सडक संगठन की सडकों का 1400 करोड़ रूपए का टेंडर अभी हाल ही में हो चुका है। सुमदो काजा ग्राम्फु रोड़ के पुनर्निर्माण व चौड़ाई का काम जारी है। एसकेटीटी रोड जो तांदी से लेकर संसारी नाला होते हुए पांगी को जाता है इसको भी बीआरओ 1800 करोड़ की राशि खर्च कर रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सडकों की स्थिति और बेहतर हो जायेगी तो पर्यटन में इसका फायदा मिलेगा ।रवि ठाकुर ने कहा कि जैसे गर्मियों में अलग अलग साहसिक खेलें यहां पर होती हैं।

# बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी में भैयादूज का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक कर उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। भाई दूज पर बहनों द्वारा अपने भाई की लंबी उम्र और सफल जीवन की कामना की जाती है। भाई दूज पर्व को लेकर मंडी में बाजार सजे हुए थे। पर्व को लेकर पान की दुकानों में भी काफी भीड़ देखनी को मिली। मान्यता है कि पान भेंट करने से बहनों का सौभाग्य अखण्ड रहता है। भाई दूज की पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन यमुना अपने भाई भगवान



यमराज को अपने घर आमंत्रित करके उन्हें तिलक लगाकर अपने हाथ से स्वादिष्ट भोजन कराती है। जिससे यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने अपनी बहन यमुना से वरदान मांगने को कहा। इस पर यमुना ने अपने भाई यम से कहा कि आज के दिन जो बहनें अपने भाई को निमंत्रित अपने घर बुलाकर उन्हें भोजन कराएंगी और उनके माथे पर तिलक लगाएगी तो उन्हें यम का भय ना हो।

# एसजेवीएन ने प्रथम यूनिट को राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सिंक्रोनाईज किया

## नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में यमुना नदी की एक प्रमुख सहायक नदी टोंस पर अवस्थित है

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**नन्द लाल** शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अवगत करवाया कि एसजेवीएन ने 60 मेगावाट की नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना (एनएमएचईपी) की प्रथम यूनिट को राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज कर लिया है। नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना उत्तर भारत में उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में यमुना नदी की एक प्रमुख सहायक नदी टोंस पर अवस्थित है। नन्द लाल शर्मा ने कहा कि माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्र, आरके सिंह एवं उत्तराखंड के पूर्व माननीय मुख्यमंत्री, त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वर्ष 2018 में मोरी में एसजेवीएन की 60 मेगावाट नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखी थी। नन्द लाल शर्मा ने बताया कि नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना 30 मेगावाट की दो उत्पादन यूनिटों वाली रन-ऑफ.द रिवर परियोजना है। परियोजना की दूसरी यूनिट भी इसी माह सिंक्रोनाईज होना निर्धारित है। इस परियोजना से प्रतिवर्ष 265.5 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन होगा। एसजेवीएन ने नैटवाड़ मोरी जलविद्युत परियोजना के बैनोल से स्नैल तक विद्युत की निकासी के लिए 37 कि.मी., 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया है। नन्द लाल शर्मा ने परियोजना



को कमीशनिंग चरण में लाने के लिए डिजाइन टीम और एनएमएचईपी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमें उत्तराखंड की अपार जल विद्युत क्षमता के

**उपलब्धि**

**8 नन्द लाल शर्मा ने परियोजना को कमीशनिंग चरण में लाने के लिए कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की**

दोहन के एक कदम और करीब ले आई है। परियोजना की कमीशनिंग पश्चात, उत्तराखंड राज्य को रॉयल्टी के रूप में 12प्रतिशत निरूशुल्क बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा, प्रत्येक परियोजना प्रभावित परिवार को दस वर्षों तक प्रति माह 100 यूनिट बिजली की लागत के बराबर राशि प्रदान की जाएगी। परियोजना बुनियादी ढांचे के विकास एवं प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार के सृजन के साथ क्षेत्र के समग्र विकास के युग का आरंभ करेगी। कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ जैसे सतलुज संजीवनी मोबाइल हेल्थ वैनए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेल और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचागत कार्यों से स्थानीय जनसमूदाय लाभान्वित हो रहे हैं।उत्कृष्ट प्रगति पथ पर चलते हुए, एसजेवीएन, एक अग्रणी पावर सीपीएसयू के रूप में भारत सरकार के ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान करने के लिए तत्पर है।

# प्रदेश में सुक्खू कर रही बेहतरीन कार्य: जगतराम


**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**हिमाचल** प्रदेश में सुखविंद्र सुक्खू की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। यह बात राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने बुधवार को ऊना से जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी प्रधान प्रदेश है और यहां पर कर्मचारी वर्ग का ही बोलबाला रहता है। सुक्खू सरकार ने अपने वादे के मुताबिक पुरानी पेंशन बहाल कर दी, जो कि कर्मचारियों का बड़ा ही अहम मुद्दा था।

# एच.पी.शिवा परियोजना से बकारटी में भी आई मौसंबी की बहार

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फलों और अन्य नकदी फसलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों-बागवानों की आय में वृद्धि करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई एचपीशिवा परियोजना इन निचले क्षेत्रों में बागवानी की नई कहानी लिख रही है। बहुत कम अवधि में ही इस परियोजना के उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। परियोजना के प्रारंभिक दौर में विकसित किए गए बागीचों में फल लगने से बागवानों को एक नई उम्मीद नजर आने लगी है। जिला हमीरपुर के गांव बकारटी में भी इसी परियोजना के तहत विकसित बागीचे



में आजकल मौसंबी की बहार दिख रही है।

गांव बकारटी के 24 किसानों की भूमि पर लगाए गए हैं 2300 पौधे

कई पीढि ़ों से केवल गेहूं और मक्की की खेती करने वाले बकारटी के किसानों ने अब अपनी आय बढ़ाने के लिए एचपीशिवा

**वृद्धि**

**8 परियोजना के तहत गांव के 24 किसानों की लगभग 2 हैक्टेयर भूमि पर मौसंबी के करीब 2300 पौधे लगाए गए**

परियोजना की मदद से बागवानी की राह भी पकड़ ली है। परियोजना के तहत गांव के 24 किसानों की लगभग 2 हैक्टेयर भूमि पर मौसंबी के करीब 2300 पौधे लगाए गए हैं। इस सीजन में इन छोटे पौधों में बहुत ही अच्छी क्वालिटी के फल लगने शुरू हो गए हैं। शुरूआती दौर में ही उत्तम क्वालिटी के फल दे रहे हैं ये पौधे

उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार ने बताया कि बकारटी गांव के बागीचे में शुरूआती दौर में ही काफी अच्छी मात्रा में फल लगे हैं। उनका कहना है कि मौसंबी के एक पौधे में शुरूआती दौर में 8-10 किलोग्राम फल लगते हैं, लेकिन पूरी तरह विकसित होने पर एक पेड़ से ही लगभग 50 किलोग्राम उपज प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि गांव बकारटी में परियोजना के तहत 2 हैक्टेयर भूमि पर 2 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनी प्लॉट्स विकसित किए गए हैं। इनमें उत्साहजनक परिणाम आने के बाद अब पूरे बकारटी गांव में पौधारोपण किया जाएगा।

# 'पण्डित नेहरू के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर जीवन में लाएं सकारात्मक बदलाव'

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम सर्वविदित है : संजय**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

मुख्य संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग संजय अवस्थी ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। संजय अवस्थी गत सांय अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलोग के मांजू गांव में बाल दिवस मेले के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम सर्वविदित है। पण्डित नेहरू युवा शक्ति को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सदैव क्रियाशील रहे। बच्चों के लोकप्रिय चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस का




आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन से प्रेरित होकर प्रत्येक बच्चे और व्यक्ति को अपने जीवन को निखारना चाहिए ताकि देश-प्रदेश को शिखर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्व.पंडित जवाहर लाल नेहरू की दूरगामी सोच से प्रभावित होकर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश के छात्रों के लिए गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना की जाएगी ताकि सभी छात्रों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के जलाणा में भी राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जाएगा जिसके लिए 50 बीघा भूमि का चयन किया जा चुका है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा का ढांचा सुदृढ़ करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार शिक्षित युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए नवीन योजनाओं को आरम्भ करने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए विभिन्न योजनाओं आरम्भ की गई हैं। मुख्यमंत्री ने आपदा की घड़ी में प्रभावितों के पुनर्वास को प्राथमिकता दी और प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर राहत पैकेज की घोषणा की।

# हिमाचल में कानून व्यवस्था की हालत खस्ता : संदीपनी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**भाजपा** प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की हिमाचल प्रदेश में दिन-प्रतिदिन कानून व्यवस्था की हालत खस्ता होती जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश में जंगल राज चल रहा है। हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में विभिन्न प्रकार के अपराधों की संख्या बढ़ती चली जा रही है और यह प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की हरोली क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। गोलीबारी और मारपीट की घटना के बाद अब चाकू की नोक



पर युवक से एक लाख रुपये लूट कर इन घटनाओं को अंजाम दिया गया है। जिला ऊना में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र की आड़ में नशे का कारोबार चलाया जा रहा था। इस बात का खुलासा उस समय

**बढ़े अपराध**

**8 हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में विभिन्न प्रकार के अपराधों की संख्या बढ़ती चली जा रही हैं**

हुआ, जब हमीरपुर में एनआईटी में एमटेक छात्र मौत मामले की जांच चली। जांच में पाया गया कि पुलिस गिरफ्त में चल रहे चिट्टा सप्लायर के तार पंजाब से जुड़े हैं। एनआईटी में चिट्टा सप्लाई करने वाला युवक पंजाब के करमपाल के खाते में पैसा ट्रांसफर करता था।

कीरतपुर-नेरचैक फोरलेन, जहां आवाजाही के लिए एक सुगम और जल्द पहुंचने में सहायक सिद्ध हुआ है, वही अब इस 100 किलोमीटर मार्ग के सुनसान स्थानों पर असमाजिक तत्त्व भी सक्रिय हो गए है। चंडीगढ़ से निजी वाहन बिलासपुर फोरलेन पर एक ढाबे से कुछ दूर पहले छत नामक स्थान पर छह से सात नकाबपोशों द्वारा बीच सडक पर खड़े, उनके द्वारा आगे जा रही एक जीप और कार को रोकने का प्रयास किया, जिनके द्वारा वाहन स्लो करने और भगाने पर नकाबपोशों द्वारा शीशे पर प्रहार किए गए।

# धुसाड़ा में बाइक स्किड़ होने से चालक जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**थाना** अंब के तहत धुसाड़ा में में बाइक स्किड़ होने चालक जख्मी हुआ है। घायल को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रजनीश कुमार निवासी पनोह बुधवार सुबह बाइक पर सवार होकर धुसाड़ा से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक बाइक स्किड़ हो गई। हादसे में घायल रजनीश कुमार को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मनाया गया सिरमौर में भाई दूज का त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**जिला** सिरमौर में भाई दूज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भाई दूज के दिन भले ही बहनों को बसों में मुफ्त यात्रा उपलब्ध कराई गई हो, मगर इस पर्व पर भाइयों के द्वारा बहन के घर जाने की परंपरा होती है। बुधवार को दोपहर 12:05 तक भाई दूज का टिका करने का लगन रहा। बावजूद इसके अधिकतर बहनों ने अपने भाइयों को 12:00 बजे से पहले ही टिका करवाने का निमंत्रण दिया था। यही नहीं नाहन शहर में दिवाली के उपलक्ष



पर स्थापित की जाने वाली हटडी भी बढ़ाई गई। यह विशेष तरह का लक्ष्मी पूजन रहता है जिसमें एक लोटा लेकर उसमें मिठाइयां आदि भरकर तीन दिन तक पूजन किया जाता है। भैया दूज के उपलक्ष पर जिला सिरमौर के अधिकतर सरकारी कार्यालय में महिला कर्मचारी बिल्कुल नजाद रही। बता दें कि भैया दूज के पर्व पर बहने भाई के घर नहीं बल्कि भाई बहन के घर जाते हैं।

# घालूवाल गोलीकांड मामले में छह लोग चढ़े पुलिस के हत्थे

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**थाना** हरोली के तहत पड़ते गांव घालुवाल में 31 अक्टूबर की रात गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को सलाखों के पीछे धकेल में सफलता हासिल की है। इनमें गाड़ी पर गोलियां चलाने वाले दो शूटर भी शामिल हैं, जिन्हें पंजाब के कपूरथला से संबंधित बताया गया है। इस घटना का मुख्य मास्टरमाइंड ऊना के बाथू का निवासी अरुण उर्फ मनी राणा को माना जा रहा है, जो पिछले 11 साल से पंजाब की लुधियाना स्थित सेंट्रल जेल में बंद चल रहा है। इसी आरोपी ने इस गोलीकांड को अंजाम देने के लिए अलग-



अलग टीमों को अलग-अलग काम दिए। हैरानी की बात यह है कि ये सभी टीमें आपस में एक दूसरे को बिल्कुल नहीं जानती। इस घटना से जिला के युवाओं की उत्तर भारत के विभिन्न गैंगस्टर्स के साथ सांठगांठ होने की भी परतें खुलने लगी है।

पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने इस पूरी घटना का खुलासा करते हुए बताया कि फिरौती मांगने को लेकर यह वारदात हुई है, जिसे हत्या सहित कई मामलों के चलते पंजाब की सेंट्रल जेल में बंद चल रहे जिला ऊना के ही बाथू निवासी अरुण उर्फ मनी राणा ने रचा है और कई टीमों के माध्यम से इसे अंजाम भी दिया। मनी राणा ने जिला के कारोबारी से फिरौती के रूप में पैसे मांगे थे, लेकिन पैसे नहीं देने की सूरत में उस पर जानलेवा हमला करवाते हुए गाड़ी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलवा दी गई। इस घटना में एक युवक भी घायल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने तफ्तीश के दौरान कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए इस मामले को सुलझाया और छह लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने इस घटना से जुड़े लोगों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनको लाने और ले जाने में इस्तेमाल किए गए वाहनों और यहां तक की फायरिंग में इस्तेमाल किए गए पिस्तौल सहित चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में शामिल कई युवा गैंगस्टर्स के संपर्क में हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देना अपने आप में चिंताजनक विषय है, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संगठित अपराध के खिलाफ एक ठोस कानून होना आवश्यक है और पुलिस सरकार के साथ इस मामले को लेकर लगातार संपर्क में भी है। ताकि आने वाले समय में इस प्रकार के अपराधियों पर आसानी से शिकंजा कसा जा सके।

# हर राज्य में विकास के लिए कांग्रेस की विदाई आवश्यक : जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और हिमाचल के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सभी गारंटियां पूरी तरह झूठ हैं। आज से करीब 11 महीने पहले हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें कांग्रेस ने राजस्थान की तरह ही गारंटियां दी थी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिमला में प्रेसवार्ता करके कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। अब वही नेताए उसी तरह के वादे करके फिर से पांच प्रदेश के लोगों को ठगने निकले हैं। हिमाचल के पूर्व



मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार बनने से पहले कांग्रेस ने 10 गारंटियां दी थी जिसमें कहा गया था कि प्रदेश की 18 साल से 70 साल उम्र की 22 लाख महिलाएं हैं उनके लिए कैबिनेट की पहली ही बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि उनके खाते में 1500 रुपए प्रत्येक महीने डाले जाएंगे। लगभग एक साल चुके लेकिन अभी तक किसी महिला के खाते में एक रूपया भी नहीं आया। इसके अलावा कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी, लेकिन मुफ्त बिजली देना तो दूर कांग्रेस सरकार ने वहां बिजली की दरें बढ़ा दी। दूसरी ओर भाजपा ने

**निशाने पर...**

**8 गूगल पर 508 टाईप करने पर महादेव ऐप और भूपेश बघेल और लाल डायरी लिखने पर आता है अशोक गहलोत**

बिना गारंटी के भी वहां काम किया और जो पहले से ही 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती थी वह चालू रखी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और हिमाचल चुनाव के प्रभारी भूपेश बघेल ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि गाय का गोबर 2 रुपए किलो में खरीदा जाएगा, लेकिन वह भी पूरी तरह झूठा निकला। जबकि छत्तीसगढ़ का गोबर घोटाला लोगों को ध्यान जरूर है। बघेल ने कहा था कि हिमाचल में बागवानी बड़े स्तर पर की जाती है, कांग्रेस सत्ता में आई तो यहां की फसलों का रेट किसान खुद तय करेगा, हिमाचल में सेब का 5000 करोड़ का व्यापार होता है यहां के लोग झांसे में आ गए जबकि धरातल पर हालात बेहद खराब हैं। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि आप यदि गूगल पर 508 टाईप करेंगे तो छत्तीसगढ़ का 508 करोड़ का महादेव ऐप घोटाला सामने आता है और भूपेश बघेल की फोटो सामने आती है।

# लठियाणी को हरा दियाड़या बनी क्रिकेट विजेता

**विजेता**

**8 अजय ठाकुर ने विजेता टीम को 11 हजार एवं उपविजेता टीम को 7100 रुपये देकर सम्मानित किया**



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उपमंडल** बंगाणा के तनोह में चल रही क्रिकेट प्रतियोगता बुधवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला लठियाणी व दियाड़ा के बीच हुआ, जिसमें दियाड़ा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर ऑल इंडिया ह्यूमन राइट कॉसलिंग हिमाचल के चेयरमैन एवं जिला भाजयुमो के सचिव अजय ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके विजेता टीम को 11 हजार एवं उपविजेता टीम को 7100 रुपये देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने कहा कि आज के समय में नशे के दलदल से दूर रहने के लिए खेलों के प्रति रुझान बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओ को खेलों के प्रति बढ़ावा देना युवक मंडल का सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि राजनीति करने के लिए कई बड़े मंच मिल जाते है, लेकिन अगर समाज को नशा मुक्त बनाना है, तो हमें मिलकर आगे आना होगा। उन्होंने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के सभी युवक मंडलों से आग्रह किया कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए आगे आये। इस मौके पर स्थानीय प्रधान शकुंतला देवी, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, बिट्टू पादा, अमित शर्मा, अंकित शर्मा, दीपक पंडित, विशाल ठाकुर, विनय ठाकुर, रघुवीर सिंह, रजत ठाकुर, बलवंत सिंह, कुशल सिंह, राजीव सिंह व रंजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 'कांग्रेस देश के अलग-अलग राज्यों में भी दे रही झूठी गारंटी'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

कांग्रेस पार्टी देश के अलग-अलग राज्यों में हो रहे लोक सभा चुनावों में हिमाचल की तरह गारंटी देकर देश भर में लोगों को ठगना चाह रही है। यह बात हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने पत्रकारों से अनौपचारिक बाद करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अब लोग समझ गये है, उन्हें बार-बार धोखा नहीं दिया जा सकता है। अब कोई भी कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाला है। आज के सूचना प्रौद्योगिक के युग में कांग्रेस का यह सफेद झूठ ज्यादा टिक नहीं सकता। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस के नेताओं ने हिमाचल की मातृशक्ति को प्रतिमाह



1500 रुपये देने की गारंटी दी। चुनाव के पहले ही माताओं-बहनों से इसके लिए फर्जी फॉर्म भी भरवा लिए थे। अब चुनाव जीत गये तो कांग्रेस के नेता कहते हैं

**साधा निशाना**

**8 अब लोग समझ गये है, उन्हें बार-बार धोखा नहीं दिया जा सकता है। कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाला**

कैसी गारंटी। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में हो रहे विधान सभा के चुनाव में भी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश की तरह चुनावी गारंटियां दे रही है। लेकिन पूरे देश ने हिमाचल से सबक.ले लिया है। आज कांग्रेस के नेता मंचों पर ही जनता द्वारा तिरस्कृत किए जा रहे हैं। देश के लोग पूछ रहे हैं कांग्रेस द्वार हिमाचल प्रदेश के विधान सभा चुनाव में किया गया वादा कहां गया। बड़े से बड़े नेता छोटी छोटी जनसभाओं में सीना ठोक के सारी गारंटिया तत्काल लागू करने की बात करता था लेकिन एक साल में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि एक साल से कम के कार्यकाल में भी आज प्रदेश के हर वर्ग में असंतोष है। इस सरकार के क्रियाकलाप से कोई भी संतुष्ट नहीं है। सरकार के खिलाफ लोगों की इस नाराजगी और असंतोष का प्रमुख कारण है कांग्रेस के झूठे वादे और विकास विरोधी काम। इसी की वजह से हिमाचल प्रदेश विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है।

# शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अध्यापक करें फॉक्स: भुट्टो

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, सीएचटी एवं अन्य स्कूल स्टाफ के साथ कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र भुट्टो ने बसाल विश्राम गृह में बैठक की। बैठक में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता एवं और ज्यादा सुधार को लेकर चर्चा की गई। विधायक भुट्टो ने सभी सरकारी स्कूलो के स्टॉफ को हिदायत दी कि हर स्कूल में राजनीति से हटकर हर अध्यापक अपनी जिम्मेदारी को समझे। कुटलैहड़ विस क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल ही नहीं, बल्कि देश में किस प्रकार कुटलैहड़ विस क्षेत्र का नाम आएं, इस पर ज्यादा ध्यान एवं मेहनत करने की जरूरत है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कोई तबादला या बदले की भावना से काम नहीं हुआ है, बल्कि हमने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में वर्षो से बाहर सेवाएं दे रहे शिक्षकों को लाकर रिक्त पद भरे है। भुटटो ने कहा कि हमारा लक्ष्य कुटलैहड़ विस क्षेत्र को शिक्षा स्तर पर राज्य एवं देश में नाम ऊंचा करना है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ के हर सरकारी स्कूल में जो भी समस्या है, उससे अध्यापक हमें अवगत करवाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शिमला में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 16 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होटल होलीडे होम शिमला में आयोजित किया जा रहा है। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े समसामयिक विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया जाता है। भारतीय प्रेस परिषद की ओर से इस वर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित होगी मीडिया संगोष्ठी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर 16 नवंबर को मीडियाकर्मियों के लिए जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा । जिला लोक संपर्क अधिकारी खेमचंद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में 16 नवंबर को 11 बजे उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। हिमाचल प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में मीडियाकर्मी भारतीय प्रेस परिषद द्वारा सुझाए गए थीम विषय मीडिया इन द ईरा ऑफ आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस पर चर्चा करेंगे।

### ललड़ी में जमीनी विवाद के चलते मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना हरोली के तहत ललड़ी में जमीनी विवाद के चलते मारपीट हुई है। मारपीट को लेकर पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरदयाल सिंह निवासी ललड़ी ने बताया कि गत दिवस अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था। तो इसके बड़े भाई गुरप्यारा ने फोन पर बताया कि जब अपनी पत्नी अपने खेतों में काम कर रहे थे, तो गांव के ही गुरपाल सिंह, उसकी पत्नी कमला देवी तथा इसके दोनों बेटे करण और साहिल ने इनके साथ मारपीट करी है। सूचना के बाद जब मौके पर पहुंचा, तो सभी ने मेरा रास्ता रोक पीटना शुरू कर दी है। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हिमकैप्स कॉलेज बढ़ेड़ा में मनाया जाएगा सहकारिता सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

70वें राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह समारोह 17 नवंबर को हिमकैप्स कॉलेज बढ़ेड़ा में मनाया जाएगा। यह जानकारी हिमकैप्स कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### बेहड़ी में स्वास्थ्य जांच शिविर 18 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

शिवालिक सेवा समिति द्वारा 66वां स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 18 नवंबर को गुगा जाहर वीर बेहड़ी में किया जाएगा। इस दौरान नेत्र जांच, शुगर, उच्च रक्तचाप व हड्डी रोग सहित रक्तदान शिविर भी लगेगा। शिविर में प्रसिद्ध समाजसेवी त्रिलोक चंद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### गौ रक्षिणी सभा ने गोपालाष्टमी महोत्सव को लेकर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गौ रक्षिणी सभा संतोषगढ़ द्वारा बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का अयोजन सभा के प्रधान दिलवाग सिंह वैद की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 19 नवंबर से प्रारम्भ होने जा रहे गोपालाष्टमी महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 नवंबर रविवार को सुबह साढ़े 4 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा सांयकाल 3 बजे नगर कीर्तन एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# पुलिस विभाग में 1200 कांसटेबल और महिला सब इंस्पेक्टर की होगी भर्ती: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप पुलिस विभाग में सुधारों पर बल दिया है। गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के साथ-साथ अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव आया है। इसे देखते हुए पुलिस विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत आधुनिक तकनीक अपनाने के साथ ही पेशेवर दृष्टिकोण में सुधार जरूरी है। उन्होंने पुलिस विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा अन्य आधुनिक सॉफ्टवेयर के उपयोग के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार पर्याप्त धन उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस विभाग में 1200 से अधिक कांसटेबल और महिला सब-इंस्पेक्टर की भर्ती की जाएगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आधुनिक प्रौद्योगिकी में सिद्धस्त पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर उनका एक पूल तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे विभिन्न अभियानों में उनका प्रभावी योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में पुलिस कर्मी साइबर क्राइम से निपटने में भी सक्षम होने चाहिए। उन्होंने प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों एवं मंदिरों इत्यादि में आयोजित होने वाले मेलों के दौरान बेहतर पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक के पास आरक्षित बल रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आबादी, क्षेत्रफल, अपराध दर, पर्यटकों की संख्या सहित अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के पुलिस थानों की पुनःसंरचना करने के निर्देश दिए, ताकि वहां स्थानीय जरूरतों व इन कारकों के आधार पर पुलिसकर्मी तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने थानों को श्रेणीबद्ध करने और पुलिस चौकियों के स्थान पर केवल पुलिस थाने ही खोलने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए, ताकि कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती के लिए रोटेशन नीति बनाने, संवेदनशील पदों पर केवल तीन वर्ष तक ही तैनाती करने और इसके उपरान्त अनिवार्य तौर पर उन्हें कूलिंग ऑफ पीरियड देने के निर्देश दिए, ताकि पुलिस के कामकाज में जबावदेही सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने शिक्षण संस्थानों के समीप नशीले पदार्थों (ड्रग्स) की समस्या की रोकथाम के लिए विशेष टीमें तैनात करने के निर्देश भी दिए ताकि बच्चों को नशे जैसी बुराई से बचाया जा सके।

# प्रवासी की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

बंगाणा में 28 वर्षीय प्रवासी युवक की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बाबू पुत्र ओमप्रकाश निवासी जिला मुरादाबाद, यूपी के रूप में हुई है, जो कि पिछले काफी समय से बंगाणा में किराए के मकान में रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बाबू निवासी यूपी ने बुधवार दोपहर को अपने किराए के मकान में अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर मृत घोषित कर दिया गया।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आपदा राहत कोष में किया 1.52 करोड़ रुपये

**मदद**

**8 आपदा की इस घड़ी में यह सहायता राशि प्रभावितों को राहत पहुंचाने में मददगार सिद्ध होगी**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री ए.मणिमेखलै ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को गत दिवस आपदा राहत कोष के लिए 1.52 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में यह सहायता राशि प्रभावितों को राहत पहुंचाने में मददगार सिद्ध होगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा तथा सचिव गृह डॉ. अभिषेक जैन सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रजत कपिला बने जिला ऊना एनिमल वेल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**हिमाचल** एनिमल वेल्फेयर सोसायटी ने बुधवार को एमसी पार्क ऊना में बैठक कर ऊना सहित तीन जिलों की कार्यकारिणी गठित की गई। जिला ऊना से रजत कपिला को अध्यक्ष, मनमीत सिंह को चेयरमैन व करणवीर को एडवाइजर नियुक्त किया गया है। वहीं जिला हमीरपुर से दिलीप कुमार को अध्यक्ष, अनिल कुमार को उपाध्यक्ष, डीपी धीमान को चेयरमैन व विनित कुमार को महासचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा धर्मशाला से विकास गिल को अध्यक्ष, विशाल गिल को उपाध्यक्ष, अभिनम को चेयरमैन, शौर्या गिल को एडवाइजर व तनमय थापा को



महासचिव नियुक्त किया गया। जिला ऊना के अध्यक्ष रजत कपिला ने बताया कि हिमाचल एनिमल वेल्यफेसर सोसायटी का गठन सडक पर बेहसहारा घूम रहे पशुओं का उपचार करवाना है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सोसायटी का गठन किया जाएगा, ताकि बीमार व जख्मी पशुओं को सही समय पर उपचार मिल सके।

**जिम्मेदारी**

**8 रजत कपिला को अध्यक्ष, मनमीत सिंह को चेयरमैन व करणवीर को एडवाइजर नियुक्त किया गया है**

कपिला ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि बेसहारा पशु स्वास्थ्य के अभाव में अपनी जान गंवा देते हैं, ऐसे में हिमाचल एनिमल वेल्फेयर सोसायटी ने पशुओं को स्वास्थ्य करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया है कि अगर कोई पशु सडक पर घायल अवस्था में दिखे, तो इसकी सूचना वेल्फेयर सोयाटी को दें।

# उच्च शिक्षण संस्थानों व रोजगार के क्षेत्र में सहन नहीं होगा भेदभाव: चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

किसान योद्धा सरदार रुडका सिंह कल्याण समिति के अध्यक्ष इंजीनियर बलवीर चौधरी, महासचिव कैप्टन अमरीक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्ण देव चौधरी, उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, सहसचिव सुभाष कौंडल तथा महिला विंग की अध्यक्षा रजनी चौधरी ने संयुक्त ब्यान में कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों तथा रोजगार के क्षेत्र में भेदभाव सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2019 में वर्तमान केंद्र सरकार ने स्वर्णों के गरीबों को उच्च शिक्षण संस्थानों एवं नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर दिया। पूर्व मनमोहन सिंह की

**विरोध**

**8 उच्च शिक्षण संस्थानों तथा रोजगार के क्षेत्र में भेदभाव सहन नहीं किया जाएगा**

सरकार ने 2006 में ओबीसी वर्ग को उच्च शिक्षण संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संविधान में 93 वां संशोधन किया था। दुर्भाग्यवश 93वां संविधान संशोधन आज तक लागू नहीं हो सका। परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश में ओबीसी वर्ग को उच्च शिक्षण संस्थानों में 0 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है, जबकि सामान्य वर्ग को 10 प्रतिशत तथा दलित वर्ग को 15 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश सरकार ने रोस्टर प्रणाली अपना रखी है जिसके अंतर्गत 42.5 प्रतिशत नौकरियां सामान्य वर्ग को, 10 प्रतिशत नौकरियां स्वर्णों के गरीबों को, 22 प्रतिशत नौकरियां दलित वर्ग को, 18 प्रतिशत नौकरियां ओबीसी वर्ग को तथा 7.5 प्रतिशत नौकरियां अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिल जाननी चाहिए थीं। दुर्भाग्यवश अगस्त, 2020 में जयराम सरकार ने शिक्षा विभाग में 1011 टीजीटी शिक्षक नियमित कर दिए।

# 'साजिश के तहत पात्र लोगों को आरक्षण से रखा जा रहा है वंचित'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**


हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीताराम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भलस्वाई पंचायत में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड सदस्य निक्का राम ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रधान सीता राम कौंडल ने कहा कि सरकार द्वारा जानबूझ कर पात्र लोगों को आरक्षण से वंचित रखा जा रहा है। सरकार द्वारा वन विभाग में वन मित्रों की भर्ती की जा रही है, उसमें एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण रोस्टर को लागू नहीं किया गया है, जो इन समुदायों



के साथ घोर अन्याय है। ऐसे में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है क्योंकि संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इन समुदायों के बच्चों को तय साजिश के तहत जानबूझकर बेरोजगार किया जा रहा है। इस संबंध में उक्त समुदायों में भारी रोष व्याप्त है। इस बैठक में गुजरात से आए हुए स्वयं सैनिक दल की पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इन पदाधिकारियों ने समाज में एकता औ अपने अधिकारों की सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने समाज को एकजुट होकर संविधान की रक्षा करने तथा बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर द्वारा समाज को दिए गई मार्गदर्शन पर चलने के लिए प्रेरित किया गया तथा संविधान की रक्षा करने हेतु एकता का संकल्प लिया गया, क्योंकि वर्तमान सरकारों द्वारा संविधान को समाप्त करके मनुस्मृति को लागू किए जाने की साजिश साजिश रची जा रही है जिसका एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समाज घोर निंदा करता है। इस मौके पर संविधान को किसी भी सूरत में सरकारों द्वारा समाप्त करने के शड्यंत्र को कभी भी सफल ना होने का संकल्प भी लिया गया। वहीं वार्ड सदस्य निक्कू राम ने कहा कि अब समाज जागरूक हो रहा है इन साजिशों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में आगामी 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर मंडी जिला में होने वाले प्रदेशस्तरीय महासम्मेलन को कामयाब बनाने पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में संयुक्त संघर्ष मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष बर्फी देवी, सदर वन ब्लॉक के प्रधान इंदर सिंह, महासचिव विजय कालिया, उपाध्यक्ष ब्रह्म दास, कुलदीप कुमार, मदन लाल, बलराम, रामलाल, विजय वर्धन के साथ गांव के महिला पुरुष और बच्चों ने भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### मन्नत ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ चौक पर दिया संदेश




**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर स्थित जगाधरी गेट में मन्नत ने बेटी बढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी अपनाओ चौक पर पहुंचकर सबसे पहले सेल्फी ली और वहां के आसपास के लोगों को बताया कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है बेटियों को खेलकूद गतिविधियों में रुचि पैदा करने और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं बेटियों के उत्थान के लिए गरिमा योजना, शगुन योजना मेरे गांव की बेटी मेरी शान जैसी कहीं योजनाएं जिला प्रशासन के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है इसलिए आप सभी से अपील है की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी अपनाओ अभियान के तहत भारत की हर बेटी को सशक्त बनाने अगर आप डोरी जैसी किसी बच्ची के साथ अन्याय होते हुए देखे तो 1098 पर जरूर कॉल करें ।

### श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा का बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़ :** जिला बाल कल्याण परिषद् के तत्वाधान में बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह बाल दिवस पर बाल भवन नारनौल में आयोजित किया गया। जिसमें 500 प्लस से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एडीसी वैशाली सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस बारें में जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि बाल भवन नारनौल में बीते दिनों विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के विद्यार्थियों ने बढचढ़ कर भाग लिया था तथा श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा की छात्रा स्नेहा ने कलश डैकोरेशन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव ने छात्रा को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक कार्यों में कलश का बड़ा महत्व है। कोई भी शुभ कार्य करने से पहले कलश की स्थापना की जाती है तथा धर्मशास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अजीत सिंह ने विजेता छात्रा को शुभाशीष देते हुए कहा कि कलश का श्रृंगार करना एक आसान कार्य नहीं है बल्कि विशाल रचनात्मक कार्य है। कलश श्रृंगार एक विद्यार्थी की रचनात्मक शैली को विकसित करता है। उन्होंने कहा कि पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रा स्नेहा को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### मांगों को लेकर प्रदेश के सभी सांसदों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे ट्यूबवेल ऑपरेटर: जेपी भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़। पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑगेर्नाइजेशन हरियाणा (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) की ओर से अपनी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठाई जाती रही है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 10 सांसदों के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश महामंत्री जेपी भाटिया ने बताया कि इसी के तहत जिला महेंद्रगढ़ के ट्यूबवेल ऑपरेटरों का प्रतिनिधिमंडल 20 नवम्बर को महेंद्रगढ़-भिवानी क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह को ज्ञापन सौंपेगा।

**संगठन की मुख्य मांगें: -**

- 20-10 2022 को अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास एवं पंचायत विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों जैसे , इत्यादि की अनुपालन करवाई जावे।
- सभी जलकमीर्यों को नियमित किया जावे तथा जब तक नियमित नहीं किया जाता तब तक ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भांति 15000 मासिक वेतन दिया जावे और समय-समय पर न्यूनतम वेतन में जो बढ़ोतरी हुई है उसका बकाया भी दिया जावे।
- सभी जलकमीर्यों को रेनकोट, वर्दी तथा धुलाई भत्ता दिया जावे ।
- सभी जलकमीर्यों को महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करना सुनिश्चित करवाया जावे तथा सभी प्रकार के अवकाश देने का भी प्रावधान करवाया जावे।
- कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के प्रावधानों अनुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जावे।
- जिन पंचायतों को नगर पालिका, नगर परिषद अथवा नगर निगम में सम्मिलित कर लीया गया है उन पंचायतों के जलकमीर्यों को उपरोक्त स्थानीय निकायों में समायोजित किया जावे तथा इस प्रक्रिया के दौरान जो वेतन बकाया है उसका भुगतान करवाना सुनिश्चित किया जावे।
- जल कर्मियों के सेवा संबंधित मामलों में सरपंचों द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप को सीमित किया जावे तथा हटाए गए जल कर्मियों को वापस काम पर लिया जावे।

# राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का हुआ शुभारम्भ




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह (नेशनल न्यू बोर्न वीक) का शुभारम्भ बुधवार को सिविल सर्जन कृष्ण कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर उप-सिविल सर्जन प्रतिरक्षणडॉ. नीलम वर्मा, एम.एस. कार्यालय पी.एम.ओ डॉ.बलवान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष परूथी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिविल सर्जन ने बताया कि भारत में हर साल 15 नम्बर से 21 नवम्बर तक राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में नवजात स्वास्थ्य के महत्व को सुदृढ करना और नवजात अवधि में शिशुओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति में सुधार करके शिशु मृत्यु दर को कम करना है।

उन्होंने बताया कि 0 से 5 साल तक के बच्चो की मृत्यु का 40 प्रतिशत प्रथम सप्ताह में ही उचित देखभाल के अभाव में मृत्यु हो जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक बच्चा जीवित रहे और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सके हमे जन्म के समय व जीवन के पहले सप्ताह के दौरान देखभाल में सुधार पर ध्यान देना चाहिए।

इस प्रोग्राम के अर्न्तगत नवजात शिशओं की देखभाल के लिए विशेष ध्यान दिये जाने बारें स्वास्थ्य विभाग करनाल द्वारा अपनी संस्थाओं पर विभिन्न कार्यक्रम चलाये जाएगें। इसके अर्न्तगत जिला नागरिक अस्पताल करनाल में स्थित एस.एन.सी.यु. में सभी बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा और एस.एन.सी.यु. से छुट्टी के बाद भी आशा कार्यकताओं द्वारा घर पर जाकर करके उन बच्चों का फ्लोअप भी किया जायेंगा।

**स्वास्थ्य**

> नवजात अवधि में शिशुओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति में सुधार करके शिशु मृत्यु दर को कम करना है

सिविल सर्जन ने यह भी बताया कि इस प्रोग्राम के अर्न्तगत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर स्थित एस.एन.सी.यु. में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियॉ की जायेगी। इस प्रोग्राम के अर्न्तगत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर विभिन्न स्वास्थ्यकर्मियों की मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड को लेकर के ट्रेनिंग भी करवाई जायेगी।

सिविल सर्जन कृष्ण कुमार द्वारा कहा गया कि जिला करनाल में नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए आशाओं द्वारा एच.बी.पी.एन.सी. का कार्यक्रम भी किया जा रहा है, जिसके अर्न्तगत आशा कार्यकर्ता नवजात शिशु के घर जाकर के नवजात शिशु और माता की जांच करती है और अगर कोई दिक्कत पाई जाती है तो उनको तुरन्त स्वास्थ्य केन्द्र पर रेफ र करने का कार्य करती है। इस प्रोग्राम को इस सप्ताह एक बडे अभियान के रूप में चलाया जायेगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीलम वर्मा द्वारा बताया गया कि 15 नवम्बर से 21 नवम्बर तक चलने वाले इस अभियान में नवजात शिशु की देखभाल के उपर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा और यह कार्यक्रम पूरे भारत की तरह करनाल में भी सुचारू रूप से चलाया जाएगा।

## 62 ग्राम अफीम और 750 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी जोगा सिंह पुत्र साधा सिंह वासी धबेरी जिला शामली उत्तर प्रदेश हाल राजीवपुरम, गली नंबर 4 करनाल को राजीवपुरम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 62 ग्राम अफीम और 750 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी जोगा सिंह के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह अफीम और डोडा पोस्त जल्दी पैसे कमाने के लालच में राजस्थान के जैसलमेर जिले से किसी अनजान ट्रक ड्राइवर से लेकर आया था। आरोपी खुद भी एक ट्रक ड्राइवर है। आरोपी यह नशीला पदार्थ चलते-फिरते नशा करने वालों को ऊंची कीमत पर बेचकर पैसा कमाता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश करके चार दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से आरोपी जोगा सिंह यह नशीला पदार्थ खरीद कर लाया था, उसकी गिरफ्तारी भी की जाएगी।

## 'मिशन मोड में बंद किए जाएं नेशनल हाईवे पर खुले हुए अवैध कट'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **उपायुक्त** अनीश यादव ने बुधवार को जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पुलिस, डीटीओ व नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों को मिशन मोड में बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी अवैध कट खोलता है, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि सडक हादसों में कमी लाने के लिए नेशनल हाईवे-44 पर ग्रील व दीवार बनाई गई है लेकिन कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर अवैध कट खोल रहे हैं। उन्होंने आरटीए, पुलिस और एनएचएआई को इन लोगों के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सडक हादसों में कमी लाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सडक हादसों की संख्या ज्यादा है और वहां ओवर स्पीड से हादसे हो रहे हैं, ऐसे स्थानों पर चालान किए जाएं ताकि लोग ओवर स्पीड में गाड़ी न चलाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनएचएआई और पुलिस को हाईवे पर पेट्रोलिंग के लिए भी निर्देश दिए, ताकि लोग अवैध कट न खोल सकें। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग को सड़कों के गड्ढे भरने और उनकी मरम्मत के कार्य को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आरटीए विजय देशवाल ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा सितंबर महीने में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 11,605 चालान किए गए, जिसमें सबसे ज्यादा बिना हलमेट के 4927, लेन चेंज के 1473, विपरीत दिशा में गाड़ी चलाने पर 1268 के चालान किए गए। इसी तरह परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग के 359 चालान किए गए। वहीं अक्तूबर महीने में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करे पर 12,192 चालान किए गए, इसमें सबसे ज्यादा बिना हेलमेट के 5733 चालान किए गए। बैठक के दौरान कुल 31 एजेंडे रखे गए, जिन पर गहनता से विचार विमर्श किया गया।

**निर्देश**

> पीडब्लूडी विभाग को सड़कों के गड्ढे भरने और उनकी मरम्मत के कार्य को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए

## योग द्वारा शरीर के टॉक्सिंस निकलते हैं बाहर : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत चलाई जा रही योग कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि शीतकालीन सत्र के लिए फव्वारा पार्क कक्षा 16 नवंबर से बलदेव मिशन स्कूल में स्थानांतरित की जा रही है। इसके अतिरिक्त मिशन के तत्वाधान में सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट और पार्क एंक्लेव में लगाई जा रही योग कक्षाएं भी संयुक्त रूप से बलदेव मिशन स्कूल में ही रहेंगी।उन्होंने कहा कि सभी कक्षाओं के योग साधक सर्दी में भी बिना किसी रूकावट के नियमित रूप से योग कर पाएंगे और नियमित रहते हुए योग का लाभ लेंगे। तीनों कक्षाओं के योग साधक इस कक्षा को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इससे पहले उन्होंने फव्वारा पार्क में सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं और आसनों का अभ्यास करवाया, जिससे की शरीर को सेहतमंद और तंदुरुस्त रखा जा सके। उन्होंने कक्षा में प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए बताया कि योग द्वारा शरीर के टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं और कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं।

## वाहन चोर काबू, इको स्पोर्ट गाड़ी बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अजय पुत्र करण सिंह वासी आनंद विहार करनाल को आनंद विहार करनाल से काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से एक इको स्पोर्ट गाड़ी बरामद की गई।

आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि आरोपी ने यह गाड़ी 12 नवंबर को अनाज मंडी के पास टीवीएस मोटरसाइकिल शोरूम के बाहर से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में 12 नवंबर को नामालूम आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी ने जल्दी पैसे कमाने के लालच में इस वारदात को अंजाम दिया था।

## 'निर्धारित समय के बाद डीजे बजाने वालों के विरुद्ध होगी कार्यवाही'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में बुलेट पटाखा चलाकर, ट्रैक्टर पर डीजे चलाकर और देर रात तक बैंक्वेट हॉल, रिजॉर्ट आदि में शादी और पार्टियों में डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपने-अपने एरिया में आने वाले बैंक्वेट हॉल, होटल, रिजॉर्ट आदि सभी के मालिकों को आगाह कर उनसे अंडरटेकिंग ले ली गई है कि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। अगर फिर भी किसी प्रकार का ध्वनि यंत्र बजता हुआ पाया गया तो पहली बार कार्यवाही डीजे वाले के खिलाफ होगी और अगर उसके बाद भी नियमों की अवहेलना पाई गई तो होटल मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

एसपी ने बताया कि ट्रैक्टर पर डीजे बजाकर माहौल को खराब करने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। देखा गया है कि कुछ शरारती तत्व ट्रैक्टर पर डीजे बजाकर शहर में चक्कर लगाते है और लोगों में दहशत फैलाते हैं। अब ऐसे लोगों के विरुद्ध भी कार्यवाही करते हुए उनके चालान किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि कुछ शरारती तत्व बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखा बजाते हैं, जो कि लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। जिन्होंने शहर का माहौल खराब कर रखा है। जिनकी धर पकड़ के लिए करनाल पुलिस द्वारा सितंबर माह से ही अभियान चलाया हुआ है।, जिसमें अभी तक बुलेट से पटाखा छोडने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 137 चालान और 86 बुलेट मोटरसाइकिल को इंपाउंड किया जा चुका है। यह अभियान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी जारी रहेगा।

मोटरसाइकिल साइलेंसर को मोडीनऊाई करने वालों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी।

जिस एरिया के लोगों के लिए एसी घटनाएं परेशानियां बनी हुई हैं।

## सर्वांगीण विकास का आधार है योग: शमशेर सिंह नैन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **अर्जुन** गेट स्थित सेवा समिति आश्रम में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष सोम अरोड़ा के दिशा निर्देश में चलाई जा रही दिव्य योग कक्षा में साधकों को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान योग शिक्षक शमशेर नैन ने कहा कि तकनीकी युग में युवा शक्ति का मशीन के साथ ज्यादा जुड़ाव हो गया है। परिणामस्वरूप शारीरिक एवं मानसिक विकास की गति धीमी हो गई है। इसलिए युवाओं को योग आसन इत्यादि को दिनचर्या का आवश्यक भाग मानते हुए प्रतिदिन योग आसन करने चाहिए। उन्होंने कहा कि योग सर्वांगीण विकास का आधार है। उन्होंने योग के प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए राजयोग में सहित अष्टांग योग में शामिल यम, नियम, आसन, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान समाधि पर अपने विचार रखें। जुंबा एक्सपर्ट शैली शर्मा ने एरोबिक्स के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि योग करने से बीमारियां कोसों दूर रहती हैं, इसलिए हमें योग को जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर नरेश निझावन, पूनम निझावन, शैली शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, अंजू अरोड़ा, दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता, गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती, किरण बाला, रेनु गोयल, रामलाल गोयल, दीनानाथ भाटिया, ज्योति गुलाटी, आशा गाबा, कविता, मधु बाला, मंजू शर्मा, नेहा, संतोष कथूरिया व वंदना आदि मौजूद रहे।

**योग पर बल**

> योग करने से बीमारियां कोसों दूर रहती हैं, इसलिए हमें योग को जरूर करना चाहिए

## सांसदों की तर्ज पर आम जनता को भी मिले स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ: बड़वासनिया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **जिला** पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से कोई भी कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। सीएचसी व पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मात्र ढकोसला है वहां पर कोई भी सुविधा नहीं है। जिसके चलते ग्रामीण मजबूरी में निजी अस्पतालों में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को गांव में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करना चाहिए ताकि आम आदमी को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके। बड़वासनिया बुधवार को चटिया गांव में बैठक के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। संजय बड़वासनिया ने कहा कि आम जनता को भी सांसदों की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाएं दी जानी चाहिए, क्योंकि जनता ही प्रतिनिधियों को चुन कर भेज देती, लेकिन शर्म की बात है जनता को सुविधा के नाम पर भेदभाव मिल रहा है। जिला परिषद की बैठक में भी वह स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की बात रख मांग करेंगे कि सीएचसी पीएचसी सेंटरों में अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीन की व्यवस्था की जाए ताकि आमजन को तकलीफ न हो।

## नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का भव्य होगा अभिनंदन समारोह: योगेंद्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के अभिनंदन समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है । वीरवार को प्रातः 10 बजे पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित होने वाला सम्मान समारोह भव्य व शानदार होगा। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करेंगें। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा बुधवार को अभिनंदन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण, विधायक इन्द्री राम कुमार कश्यप, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, भाजपा के कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक भंडारी, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रमुख डॉ. अशोक कुमार, जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर हरपाल, रामनगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, करण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, शहरी मंडल महामंत्री रमन अग्रवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम की तैयारियों के बारे जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के सम्मान में रखे गए स्वागत समारोह 22 नवंबर तक चलेंगे। सभी जिलों में अपने नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनन्दन करने की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। अभिनंदन कार्यक्रम दो चरणों में रखें गए हैं। पहला चरण 4 नवंबर से नौ नवंबर से चलाया जा चुका है, जबकि दूसरा चरण दीवाली के बाद 16 नवंबर से 22 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की शुरूआत वीरवार को करनाल की सब्जी मंडी में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह से होने जा रही है। अभिनंदन समारोह कार्यक्रमों के संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहनलाल बडोली को बनाया गया है। करनाल के अभिनंदन समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम के साक्षी बनेगें। योगेंद्र राणा ने कार्यक्रम के रोडमैप की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के स्वागत में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा अग्रसैन चौक, पुराने बस स्टैंड, घण्टाघर चौक, मैन बाजार से होते हुए पुरानी सब्जी मंडी शैड के नीचे कार्यक्रम तक सम्पन्न होगी तथा तदोपरांत प्रदेश अध्यक्ष स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

**तैयारी**

> विधायक हरविंद्र कल्याण और रामकुमार कश्यप ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

## संपादकीय

# विनम्रता, सज्जनता को कमजोरी ना समझिए

**भारत** की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरू करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही
बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर, पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है।

# चुनावी प्रक्रिया की कमियां दूर करने के कुछ सुझाव

एल. एस. हरदेनिया

"अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि ऐसे देश हैं जहां जनता की इच्छा के विरूद्ध कोई काम करना बहुत कठिन होता है। जैसे, यदि अमेरिका ईराक पर हमला करता है तो वहां की जनता सड़कों पर निकलकर इसकी भर्त्सना करती है। हम यह बात अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती।
यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गईं हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।"

**हमारे** देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती। यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गईं हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।
हमारे देश के चुनावों को करोड़पतियों ने हाईजैक कर लिया है। जितने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं उनमें से बहुसंख्यक करोड़पति होते हैं। चूंकि वे स्वयं करोड़पति होते हैं इसलिए वे चुने जाने के बाद करोड़पतियों के हितों का ही ख्याल रखते हैं। अब यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भारतीय प्रजातंत्र करोड़पतियों के लिए, करोड़पतियों द्वारा बनाई गई व्यवस्था है। हमारे संविधान की उद्देशिका में लिखा है भारत एक सेक्युलर, सोशलिस्ट रिपब्लिक है। चुनाव के दौरान यह उद्देशिका पूरी तरह भुला दी जाती है। चुनावों के दौरान सेक्युलरिज्म की कोई चर्चा नहीं होती। उल्टे मतदाताओं से धर्म के नाम पर अपील की जाती है। प्रायः उम्मीदवार मंदिर जाते हैं, भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं, बड़ी-बड़ी मन्नतें मांगते हैं, भारी-भरकम चढ़ावा चढ़ाते हैं। जाति का तो कहना ही क्या- उम्मीदवारों का चयन ही जाति के आधार पर होता है। जहां तक सोशलिज्म का सवाल है, लगभग सभी पार्टियां इस शब्द को पूरी तरह भूल गईं हैं। सोशलिज्म का उद्देश्य समतामूलक समाज का निर्माण करना है। लेकिन इस देश में मुकेश अंबानी रहते हैं, जिनके मकान में तीन सौ कमरे हैं। इस मकान के संदर्भ में प्रसिद्ध शायर कैफी आजमी की वह कविता याद आती है -

**'आज की रात बहुत गर्म हवा चलती है,**
**अब इस फुटपाथ पर न सोया जाएगा,**
**तुम भी उठो, हम भी उठें,**
**कोई खिड़की इस दीवार में खुल जाएगी'।**



यह बात सिर्फ अंबानी पर लागू नहीं होती। यह स्थिति पूरे देश की है। यह असमानता सिर्फ मकानों व झोपड़ियों तक सीमित नहीं है। यह खेती की जमीन पर भी लागू होती है। यद्यपि हमारे देश में खेती की जमीन पर सीलिंग कानून लागू है परंतु आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो सैकड़ों एकड़ जमीन के मालिक हैं, जो खुलेआम सीलिंग कानून का उल्लंघन है।
एक और बुनियादी सिद्धांत का पालन नहीं हो रहा है। जिस बड़े पैमाने पर दलबदल कर सरकारें बनाई और गिराई जाती हैं उसके चलते अब चुनाव का कोई मतलब नहीं रह गया है।
मध्यप्रदेश में 2020 में जो हुआ वह इसका जीता-जागता उदाहरण है। आप चुनाव किसी घोषणापत्र पर और किसी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीते और चुनाव जीतने के बाद सत्ता की खातिर क्षण भर में उस पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। मध्यप्रदेश में जो हुआ था वह अवसरवादिता और सिद्धांतहीनता की पराकाष्ठा थी। जिन लोगों ने दलबदल किया उन्होंने पहले चिल्ला-चिल्लाकर भाजपा को साम्प्रदायिक दल बताया था। सन् 2018 में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का हमला मुख्यतः ज्योतिरादित्य सिंधिया पर केन्द्रित था। हम 'माफ करो महाराज' नारे को भूल नहीं सकते जो सिंधिया के विरूद्ध बार-बार लगाया गया था। वही सिंधिंया माफ करते हुए कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।
दलबदल ने हमारे देश में प्रजातंत्र को सिद्धांतहीनता के खंभों पर खड़ा कर दिया है। वैसे द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के जो अनेक देश आजाद हुए थे, उनमें से हमारा देश उन चन्द देशों में से एक है जहां लोकतंत्र कायम है। परंतु दलबदल का दीमक उसे जिस तरह से बर्बाद कर रहा है उससे लगता है कि एक दिन देश का लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा। भारत में दलबदल की प्रक्रिया को सैद्धांतिक अमली जामा डॉ. राममनोहर लोहिया ने पहिनाया था। उन्होंने नारा दिया था ''जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती है'। उनका नारा था 'ी०ॡरि-इंल्लूी' उद्देश्य था कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी से बराबर की दूरी रखी जाए। जिंदा कौमें...वाले नारे का मतलब था कि यदि चुनी हुई सरकार गड़बड़ करती है तो उसे पांच साल के पहले ही पलट दो। इस नारे का सहारा लेकर दलबदल शुरू हो गया। अनेक सरकारों को दलबदल के जरिए पलट दिया गया।
दलबदल के बारे में एक नया नारा उभरा - 'आया राम गया राम'। इस तरह पहली बार भगवान राम का नाम राजनीति में घसीटा गया। मध्यप्रदेश भी उन राज्यों में से एक था जहां दलबदल से सरकार बदली गई। दलबदल के जरिए सरकारें बदलने की इस प्रक्रिया में जनसंघ की प्रमुख भूमिका रही। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्र ने सुझाव दिया कि जहां भी ऐसे प्रयास हों वहां की विधानसभा को भंग कर दिया जाए। पंडित मिश्र का यह सुझाव नहीं माना गया। यदि यह सुझाव मान लिया गया होता तो हो सकता है कि दलबदल की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती। अब यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई है कि उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल हो गया है। राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा करना व्यर्थ है कि वे इस प्रवृत्ति को समाप्त करने में पहल करेंगे। यदि दलबदल को समाप्त करना है तो इसके लिए आम लोगों को ही पहल करनी होगी। आम लोगों को सांसदों पर इतना दबाव बनाना चाहिए कि वे संसद में दलबदल को पूरी तरह प्रतिबंधित करने वाला कानून बनवाने को बाध्य हो जाएं। परंतु यह हमारा दुर्भाग्य है कि सार्वजनिक मुद्दों पर हमारे देश की जनता संगठित नहीं होती है जैसा पश्चिम के राष्ट्रों में होता है।
अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि ऐसे देश हैं जहां जनता की इच्छा के विरूद्ध कोई काम करना बहुत कठिन होता है। जैसे, यदि अमेरिका ईराक पर हमला करता है तो वहां की जनता सड़कों पर निकलकर इसकी भर्त्सना करती है। हम यह बात अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे देश की जनता दलबदल के पूरी तरह विरूद्ध है परंतु दलबदल होने पर वह सड़कों पर निकलकर उसका विरोध नहीं करती।
यदि जनता दलबदल करने वाले सांसदों और विधायकों का सामाजिक बहिष्कार करने लगे तो भविष्य में कोई भी सांसद या विधायक दलबदल करने का साहस नहीं करेगा। इसी तरह जो अन्य कमियां हमारे लोकतंत्र में आ गईं हैं उन्हें भी प्रबल सामूहिक विरोध के माध्यम से ही दूर किया जा सकेगा।

## कविता

इन्तिकाम जर्बत का इस तरह लिया जाए
जख़्म देने वाले के हक में कई दुआ जाए

जब यहाँ पे हर कोई गूंगा भी है बहरा भी
किस से क्या कहा जाए किस से क्या सुना जाए

भाई भाई का दुश्मन बेटा बाप का दुश्मन
बोलो ऐसे आलम में किस तरह जिया जाए

दर्द नाक कितना है ये जहाने - तन्हाई
आओ अपनी यादों की भीड़ में चला जाए

जब खिजाँ नवाजी ही अपना मशगला ठहरा
इन्तिजारे - फस्ले - गुल किस लिए किया जाए

कोई हद भी होती है जश्ने - खुद फरेबी की
वो हँसी हँसूँ कब तक जो हँसी रुला जाए

ला जवाल लम्हों की आरजू है तो आओ
हक पे ही जिया जाए हक पे ही मरा जाए

देखें कैसे आती है फिर ये शामे - मायूसी
लाओ आज सूरज को कैद कर लिया जाए

चहरों को परखना तो स है जकी लेकिन
दोस्तों के जह्नों को किस तरह पढ़ा जाए

जकी
---------

# बीमारी पुरानी इलाज नया

**डॉ. सुरेश**

**मनोहर** बाबू नहा-धोकर तैयार हुए ही थे कि उनकी पत्नी ने उन्हें 'गुड मॉर्निंग' कहा। उन्होंने आश्चर्यचकित होकर देखा तो उनकी अर्धांगिनी भी मुस्कुराने लगी। उन्होंने पत्नी की नब्ज टटोली। एनओसी मिल गई तो उन्होंने खुद को संभाला और पूछा- क्या बात है देवी! कुछ चाहिए क्या? मुँह फुलाकर रहने वाली तुम न एजी कहा न ओजी...सीधे अंग्रेजी में गुड मार्निंग। तबियत तो ठीक है न। कहीं मेरी जेब पर डाका मारने का इरादा तो नहीं है न? अब मुझसे खाली जेबों पर डाका नहीं डाला जाता। जब तक आप शाम को दोस्तों के साथ बैठने की आदत छोड़ नहीं देते, तब तक आपकी जेब की ओर देखने की जरूरत नहीं है। पत्नी ने तंज कसते हुए कहा। मैं बाहर जरूर रहता हूँ लेकिन शराब पीने के लिए नहीं... अपनी कविताएँ सुनाने के लिए। वह क्या है न कि हमारे मित्र कविता के कद्रदान हैं। उनके पास कविता सुनाने वालों की भीड़ लगी रहती है। वे एक बार बढ़िया, शानदार, वाह-वाह शब्दों का ठप्पा लगा दें तो समझो कविता लिखना सफल हुआ। रद्दी-भद्दी-चिंदी कविताएँ सुन-सुनकर उन्हें पोएमेरिया की बीमारी हो गई है। इसके लिए शराब के सिवाय कोई दूसरी दवा नहीं है। और यह दवा फोकट में मिलती तो है नहीं! इसीलिए भुगतान करना पड़ता है। वैसे इस बीमारी में मेरा योगदान भी रेखांकित करने योग्य है। मुझे सुबह, दोपहर, शाम और रात की तर्ज पर चार-चार कविताएँ लिखने की आदत हो गई हैं। जब से मुझे कुछ इस तरह से कविता लिखने की खुजली हुई है तब से मेरे सहकर्मी और जान-पहचान के लोग बीमाकर्मी से अधिक खतरनाक मानने लगे हैं। उन्हें मुझे छूना तो दूर देखने से भी छुआछूत की मानिंद बीमारी फैलने का डर सता रहा है। अब वे मेरे साथ उठते-बैठते नहीं हैं। इसीलिए शाम को अपने ह्यभुगतान करो कविता सुनाओह्न वाले मित्रों की शरण में चला जाता हूँ। उन्हें भुगतान कर अपनी कविता सुनाकर अपनी चुल मिटाता हूँ। उन्हें शराब पीते समय कविताएँ सुनने और मुझे सुनाने की आदत हो गई है। तुम जानती ही हो कि आजकल कविता सुनने वाले लोग कहाँ मिलते हैं। पति ने किसी दार्शनिक की तरह अपना दुखड़ा रोया। क्यों!
आपके वो एक मित्र हैं न फुर्सतचंद, जो फोकट में सुनते हैं। उनके रहते आपको यहाँ-वहाँ मुँह मारने की क्या जरूरत है?' पत्नी ने पति की बातों में मजे लेते हुए पूछा। पता चला है किसी जलककुड़े ने उनके कान भर दिए कि आप फोकट में किसी की बेफिजूल क्यों सुनते हैं? इसीलिए आजकल वे हारे हुए उम्मीदवारों का दुखड़ा सुनते हैं। हारे हुए उम्मीदवार कार भेजकर उन्हें अपने घर बुलाते हैं। आवभगत अलग से। एसी में बैठकर छप्पन भोग वाली थाली छकते हुए हूँ...हूँ करते हुए पूरा किस्सा सुनते हैं। बीच में पॉवर नैप भी मिलता है। ऊपर से मोटी रकम अलग से!!

## विचार

# नारी स्मिता-सवाल भरोसे का ?

**निर्मल रानी**

**दुनिया** के अन्य देशों की तुलना में हमारे देश में नारी स्मिता व सम्मान की सबसे अधिक दुहाई दी जाती है। बल्कि इसका ढोल पीटा जाता है। नारी को देवी तुल्य बताने से लेकर स्वयं उसे पूजने तक का घोर प्रदर्शन किया जाता है। नारी के नाम पर तरह तरह की योजनायें ,पुरस्कार,सम्मान और न जाने क्या क्या घोषित किये जाते हैं। नारी आरक्षण के श्रेय को लेकर राजनैतिक दलों में घमासान मचा दिखाई देता है। 'नारी वंदना ' जैसे मधुर शब्द महिला आरक्षण के सम्बन्ध में सुनाई देते हैं। नवरात्रों में कन्या पूजन देखिये तो ऐसा लगेगा कि भारत नारी स्मिता व सम्मान का विश्व में सबसे बड़ा आदर्श राष्ट्र है। मजे की बात यह है कि नारी स्मिता व सम्मान की रक्षा की बातें भी वही पुरुष समाज बढ़ चढ़कर करता है जिसपर नारी शोषण का इलजाम सहस्त्राब्दियों से लगता आ रहा है। परन्तु यह सारी बातें महज 'बातें' ही मात्र हैं। क्योंकि हमारे देश में विवाहित पत्नी को छोड़ भागने वाले लोग गृहस्थ जीवन की सफलता के मन्त्र देते सुनाई देते हैं। गोविन्द ईश्वर तुल्य गुरु अपनी शिष्यों से बलात्कार करते और हमारे ही देश की विभिन्न जेलों में सजाएं काटते दिखाई देते हैं। देश की संसदीय व्यवस्था में घुसे अनेक व्यभिचारी सत्ता संरक्षण में महिला स्मिता की धज्जियाँ उड़ाते दिखाई देते हैं। इसी भारत महान में पुरुषों की भीड़ महिलाओं को नग्न कर दौड़ाती,पीटती व सामूहिक बलात्कार करती है। निर्भया जैसी हृदय विदारक घटनायें तो देश में कहीं न कहीं होती ही रहती हैं। केंद्रीय मंत्री स्तर के लोग नारी व्यभिचार में पकड़े जाने के बावजूद सत्ता द्वारा 'बेदाग' बरी कर दिये जाते हैं। और तो और नारी शोषण का आरोप लगाने वाली महिलाओं को ही सत्ता व मीडिया की जुगलबंदी सवालों के घेरे में खड़ा कर देती है और राजनैतिक नफे-नुकसान के मद्दे नजर आरोपी को बचाती दिखाई देती है। गोया सीधे शब्दों में हमारे देश में नारी स्मिता पर 'प्रवचन पिलाने' वाले पुरुष समाज की कथनी और करनी में एक बड़ा अंतर साफ दिखाई देता है। महिला हितों पर भाषण देने वाले सदन में ब्ल्यू फिल्म देखते कैद हुये। और इसी दोगली व्यवस्था का सबसे भयावह सच यह भी है कि स्वयं को शिक्षित बताने वाली महिलायें भी किसी महिला की इस्मत व आबरू की शर्त पर नहीं बल्कि अपनी अपनी 'पार्टी लाईन' व पार्टी निदेशों के अनुसार किसी पीड़ित महिला या आरोपी दुष्कर्मी के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने का निर्णय लेती हैं। गोया ऐसी पेशेवर औरतों की अंतरात्मा ही मर चुकी होती है। और इस से भी बड़ी बेशर्मी गोया डूब मरने जैसी बात यह भी है कि अब पीड़ित महिला व आरोपी बलात्कारी या हत्यारे का पक्ष -विपक्ष उसके धर्म के आधार पर तय होने लगा है। दर्जनों उदाहरण हमारे 'महान भारत ' में ऐसे मिलेंगे जबकि आरोपी बलात्कारियों के पक्ष में रैली,जुलूस,धरना प्रदर्शन आयोजित हुये। अदालत से लेकर सत्ता व प्रशासन तक हत्यारे बलात्कारियों के हक में फैसला लेते दिखाई दिये ? आसिफा और बिलकीस बानो दो ही नाम ऐसे उदाहरण के लिये काफी हैं। कुछ समय पूर्व हमारे देश में 'मी टू' नामक एक अभियान छिड़ा था। इस अभियान ने अनेक नामी ग्रामी लोगों के चेहरों से नकाब उठाई। अनेक लोगों के भविष्य बर्बाद कर दिये। तमाम स्वयंभू बुद्धिजीवी व्यभिचार के आरोपों से घिरे नजर आये। कुछ लोग अपने चेहरे से नकाब हटने के बाद आत्महत्या कर बैठे। क्या नेता क्या अभिनेता,जज क्या अधिकारी क्या धर्मगुरु क्या तो पवित्रतम रिश्ते क्या ,सभी दागदार हो चुके हैं। बाप,भाई,ताया-चाचा,मामा जीजा,साला कौन सा रिश्ता है जो हमारे देश में दागदार होने से बचा हो ? पिछले दिनों राजस्थान के दौसा के लालसोट क्षेत्र के राहु वास थाने में एक ऐसी घटना घटी जिससे भरोसे का खून होता साफ दिखाई दिया। इस क्षेत्र में तैनात एक सब इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह ने एक पुलिस कांस्टेबल की चार वर्ष की बेटी से ही दुष्कर्म कर दिया। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराने के विषय पर थाने में पीड़िता के पिता के साथ पुलिस कर्मियों ने इतनी मारपीट की कि उसका हाथ भी टूट गया। इस घटना के बाद थाने में हंगामा इतना बढ़ गया कि गुस्साये लोगों की भीड़ थाने में पहुंच गयी।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# परीक्षाओं की तैयारी: छात्रों को सामान्य गलतियों से बचना चाहिए

**विजय गर्ग**

**मॉक टेस्ट** आपके विषय-वस्तु की समझ का आकलन करने का एक अद्भुत तरीका है। अधिकांश उच्च अंक प्राप्तकर्ता यथासंभव अधिक से अधिक मॉक टेस्ट देते हैं। आज के शैक्षणिक माहौल में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। कैट , जीमेट ,, सीएलएटी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदकों की संख्या हर साल लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ रहा है। कैट , जीमेट ,श, सीएलएटी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदकों की संख्या हर साल लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ रहा है। हालाँकि, सही प्रकार की तैयारी रणनीति और निर्देशित मार्गदर्शन के साथ यह निस्संदेह प्राप्य है। यह एक ऐसी बात है जिसके बारे में माता-पिता भी जानते हैं, यही कारण है कि वे अपने बच्चों को कम उम्र से ही तैयारी शुरू करने के लिए प्रेरित करते हैं। 'प्रतियोगी परीक्षा' शब्द सुनते ही कई छात्र तनाव और चिंता का अनुभव करते हैं। छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का अत्यधिक दबाव होता है क्योंकि उनका मानना है कि ये परीक्षण उनके आदर्श करियर का मार्ग प्रशस्त करेंगे। परीक्षा में शीर्ष रैंक तक पहुंचने के लिए उन्हें केंद्रित तैयारी, उपयुक्त अध्ययन सामग्री और असंख्य अन्य कौशल की आवश्यकता होती है। लेकिन इससे पहले कि उनकी तैयारी शुरू हो, उन्हें सबसे आम गलतियों के बारे में पता होना चाहिए जो उनकी परीक्षा की आकांक्षाओं को पटरी से उतार सकती हैं। इन गलतियों से बचने से न केवल तैयारी सुव्यवस्थित होगी बल्कि उनके दिमाग पर दबाव, तनाव और अनावश्यक तनाव भी कम होगा। यहां सामान्य गलतियाँ हैं जिनसे छात्रों को बचना चाहिए: यथार्थवादी स्कोर निर्धारित करने में असफल होना यथार्थवादी लक्ष्य स्कोर निर्धारित करने से दोतरफा लाभ होता है। सबसे पहले, यह आपको उन विषयों की पहचान करने में मदद करता है जिन्हें आप छोड़ सकते हैं। इससे आपके पास अध्ययन के लिए चुने गए विषयों को ठोस बनाने के लिए अधिक समय और ऊर्जा बचेगी।

# प्रदूषण से डल हो चुके चेहरे पर निखार लाने के टिप्स

**शहनाज हुसैन**

**देश** के अधिकतर शहरों के आसमान में धुएं ,धूल ,एसिड से भरी जहरीली हबा की परत बार बार खतरनाक स्तर को पर कर रही है तथा अनेक शहरों की हवा साँस लेने लायक नहीं रह गई है / प्रदूषण के खतरनाक स्तर पार कर जाने से अनेक शहरों में स्मोग की घनी चादर छाई छाई हुई है जिससे देखने में भी परेशानी का सामना करना पर रहा है / बायु में प्रदूषण आगामी दिनों में बद से बदतर हो सकता है /हालाँकि बायु प्रदूषण से सेहत को होने बाले नुकसान के बारे में ज्यादातर लोग जागरूक हैं लेकिन बायु प्रदूषण से बालों, त्वचा ,चेहरे की सुन्दरता पर पड़ने बाले खतरनाक प्रभाव से कम ही लोग बाकिफ हैं / वायु में बढ़ते प्रदूषण से न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है लेकिन उससे आपकी खूबसूरती पर भी ग्रहण लगता है
शहरो में बढ़ते बायु प्रदूषण से आपको फेफड़ों के रोगों के अलाबा समय से पहले बुढ़ापा ,पिगमेंटेशन ,त्वचा के छिद्रों में ब्लॉकिज आदि अनेक सौन्दर्य समस्यायें खड़ी हो जाती हैं / ज्यादातर भारतीय शहरों में बाहनों , एयर कण्डीशन ,धुल , धुएं आदि से आसमान में बनने बाली जहरीली धुंद की चादर से माइक्रोस्कोपिक केमिकल्स की एक परत बन जाती है जिसके कण हमारे छिद्रों के मुकाबले 20 गुणा ज्यादा पतले होते है जिसकी बजह से बह हमारी बाह्री त्वचा से हमारे छिद्रों में प्रवेश कर के त्वचा की नमी को खतम कर देते हैं जिससे त्वचा में लालिमा , सूजन ,काले दाग ,त्वचा में लचीलेपन में कमी, आ जाती हैं जिससे त्वचा निर्जीव , शुष्क , कमजोर एवं बुझी बुझी सी हो जाती है / वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण त्वचा तथा खोपड़ी के सामान्य सन्तुलन को बिगाड़ देते है जिससे त्वचा में रूखापन, संवेदनहीनता लाल चकत्ते, मुहांसे तथा खुजली एवं अन्य प्रकार की एलर्जी एवं बालों में रूसी आदि की समस्यायें उभर सकती है।लेकिन अगर आप शहरों में रहते हैं तो आप प्रदूषण से कभी छुटकारा नहीं पा सकते लेकिन अच्छी खबर यह है की आप प्रदूषण से सौन्दर्य को होने बाले नुकसान को काम कर सकते हैं / आयुर्वैदिक घरेलू उपचार तथा प्राचीन औषद्यीय पौधो को मदद से प्रदूषण के सौंदर्य पर पढ़ने वाले प्रभाव को पूरी तरह रोका जा सकता है तथा आपका सौन्दर्य सामान्य रूप से निखरा रह सकता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 16 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN/2012/48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हड़ताल पर रोडवेज कर्मचारी: भाईदूज पर्व पर भटकती रहीं बहनें

**कैथल:** अंबाला में रोडवेज चालक की हत्या के विरोध में बुधवार को कैथल में भी चक्का जाम हुआ। चक्का जाम होने के कारण यात्री भटकते रहे। उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि इस दौरान निजी बसों और पंजाब रोडवेज की बसों का संचालन हुआ है। वहीं, बुधवार को भैया-दूज का पर्व होने के चलते यात्रियों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। यह यात्री वे थे, जिन्हें हड़ताल को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। लोकल रूटों पर जैसे भी तरीके से यात्री अपने गंतव्य तक पहुंच गए, लेकिन लंबे रूटों पर यात्रियों को एक भी बस नहीं मिलने से अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा। कैथल डिपो से दिल्ली, चंडीगढ़ और हिसार तक यात्री नहीं जा सके। गौरतलब है कि कैथल डिपो से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक यात्री अपने गंतव्य तक यात्रा करते हैं, लेकिन बुधवार को हड़ताल के कारण यह यात्रा नहीं कर पाए। इस कारण रोडवेज को भी करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, रोडवेज के अधिकारियों का दावा था कि 190 में से 50 बसों का संचालन किया गया था। यह वह बसें रही, जो मंगलवार रात्रिकालीन ठहराव पर विभिन्न स्थानों पर गई थी। इसके साथ ही ढांड से दिल्ली जाने वाली बस का संचालन हुआ। वहीं, हड़ताल के कारण सुबह के समय रेलवे स्टेशन पर काफी अधिक भीड़ भी अन्य दिनों की अपेक्षा बुधवार को देखने को मिली। यात्री अमजद ने बताया कि वह सहारनपुर का निवासी है और शहर में अपनी एक रिश्तेदारी में मंगलवार को ही आया था, उसे रोडवेज के चक्का जाम की जानकारी नहीं थी। उसे बुधवार को सहारनपुर जाना था, लेकिन बसों का संचालन नहीं होने के काफी परेशानी झेलनी पड़ी। निजी वाहन चालकों ने बस से तिगुना किराया वसूला था।

## सवारियों से खचाखच भरी निजी बस में लगी आग

**फतेहाबाद:** हरियाणा के फतेहाबाद शहर के रतिया रोड पर एफसीआई गोदाम के सामने टोहाना से फतेहाबाद आ रही सवारियों से भरी निजी बस में आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही सवारियों में हड़कंप मच गया। बस पूरी तरह से भरी होने के कारण आनन-फानन में उतरी सवारियों का सामान बस में ही रह गया और वह जलकर राख हो गया। कई सवारियां ऐसी थी जो कि नरमा चुगाई करके आ रही थी और बिहार जाना था और उनकी नकदी बैग मे थी। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

# ... तो सिलेंडर की तरह वैक्सीन की भी ब्लैक मार्केटिंग कर देते कांग्रेसी: योगी

### एमपी: चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की ताबड़तोड़ चार रैली

योगी की दहाड़

**8 बजरंग बली की गदा है अपराध, कर्फ्यू व माफिया का समाधान की कांग्रेस ने रचा कुचक्र, लेकिन भाजपाई नहीं झुके**

**टीम एक्शन इंडिया/ पन्ना/ अशोक नगर/भोपाल**
**मध्य** प्रदेश चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताबड़तोड़ रैलियां कर कमल खिलाने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कांग्रेस की बखिया उधेड़ दी। बोले कि यदि कोरोना के समय कांग्रेस होती तो वैक्सीन नहीं बन पाती, यदि वैज्ञानिक बना भी देते तो यह कांग्रेसी सिलेंडर की तरह वैक्सीन की भी ब्लैक मार्केटिंग कर देते। सीएम ने कहा कि बजरंग बली की गदा अपराध, माफिया व कर्फ्यू का समाधान है। सीएम ने भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। बोले कि आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी जन्मभूमि पर जाकर नमन किया। जनजातीय समुदाय सदैव प्रकृति व पर्यावरण का उपासक रहा है। दिल्ली में प्रदूषण के कारण दमघोंटू माहौल व पर्यावरण जहरीला हो गया है। सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी को कई उद्योगों को बैन करना पड़ा, लेकिन जनजातीय समुदाय पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करता रहा है। सीएम ने सभी को भैयादूज की बधाई दी। सीएम ने यह भी कहा कि भाजपा के नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने कुचक्र रचा, लेकिन न्यायपालिका ने इनके साथ न्याय किया। कांग्रेस कहती थी कि देश के संसाधन पर पहला हक मुसलमानों का सीएम योगी ने पहली जनसभा पवई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रहलाद लोधी के पक्ष में की। बोले कि कांग्रेस ने प्रहलाद लोधी को खूब परेशान किया, लेकिन वे झुके नहीं। सीएम ने कहा कि पन्ना विकास के नई प्रतिमान स्थापित कर रहा है। कांग्रेस के समय उद्योग नहीं लगते थे, लेकिन डबल इंजन की सरकार काम कर रही है तो यहां जेके सीमेंट जैसे उद्योग भी लगेंगे। अब यहां हीरे की खान भी प्राप्त हो गई है। इससे लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। आपका जनपद भी समृद्धि को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। वे यह नहीं कहते थे कि इस पर पहला अधिकार गरीबों, किसानों, नौजवानों, मां-बहनों का है, लेकिन पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया और इसे चरितार्थ भी किया। कर्फ्यू, अपराध व माफिया का समाधान है बजरंग बली की गदा सीएम योगी ने दूसरी जनसभा में अशोक नगर से प्रत्याशी जजपाल सिंह जज्जी, मुंगावली से बृजेंद्र सिंह यादव, चंदेरी से जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के लिए वोट मांगा। सीएम ने कहा कि यदि कोरोना के समय कांग्रेस सरकार होती तो जैसे वे सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग करते थे, वैसे ही वैक्सीन की ब्लैक मार्केटिंग कर देते।

## 'कांग्रेस से जितना जल्दी मुक्ति पाएंगे, विकास बढ़ेगा'

**टीम एक्शन इंडिया/छिंदवाड़ा**
सीएम योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश के चुनावी समर में आखिरी जनसभा छिंदवाड़ा में की। यहां से भाजपा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू के लिए मतदान की अपील करते हुए सीएम योगी ने कहा कि छिंदवाड़ा विधानसभा प्रकृति की गोद में बसा है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध इस विधानसभा को कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही विकास व बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर पीछे ढकेलने का कार्य किया है। 9 वर्ष में आपने देश की तस्वीर बदलते देखा है। भारत का विश्व में सम्मान बढ़ रहा है। सीएम ने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारत को आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार, अलगाववाद, बेरोजगारी, भुखमरी का घाव दिया। कांग्रेस समस्या का नाम है तो बीजेपी समाधान का नाम। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए 142 करोड़ की आबादी परिवार है तो कांग्रेस के लिए भाई-बहन ही परिवार। वे इससे बाहर नहीं उबर सकते। 40 वर्ष से यहां पर कांग्रेस का राज है और उसी के सांसद-विधायक हैं। यहां के नेता तो मुख्यमंत्री व केंद्र में मंत्री रहे, फिर भी यहां विकास पीछे रहा। सीएम योगी ने कहा कि यहां के नेताओं ने खुद का विकास कर लिया, लेकिन छिंदवाड़ा के विकास के बारे में सोचा नहीं। संभवत: उस कैबिनेट के सदस्य कमलनाथ जी भी थे, जिसने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। कांग्रेस सनातन धर्म और भारत के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है, इसलिए इससे जितनी जल्दी मुक्ति पा सकेंगे उतनी तेजी से विकास आगे बढ़ेगा। देश की एकता-अखंडता व समृद्धि के लिए हम आरपार की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने समाज को बांटा है। आपस में खूब लड़ाया है। बंटी को चुनाव जिताकर कांग्रेस को संदेश दीजिए कि अब धोखा नहीं हो पाएगा। अब यह नहीं चलेगा।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के खुंटी में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

## 5994 ईटीटी शिक्षकों की भर्ती पर रोक हटाने से इनकार

**चंडीगढ़:** पंजाब में ईटीटी शिक्षकों की 5994 पदों पर भर्ती पर लगी रोक हटाने के लिए पंजाब सरकार की ओर से दी गई दलील पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने असहमति जता दी है। हाईकोर्ट ने रोक को जारी रखते हुए अब सुनवाई 12 दिसंबर को तय की है। विज्ञापन जारी होने के बाद नियमों में परिवर्तन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले पर अब यह भर्ती निर्भर करेगी। पिछली सुनवाई पर पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट को विश्वास दिलाया था कि अगले आदेश तक भर्ती को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। याचिका दाखिल करते हुए परविंदर सिंह व अन्य ने एडवोकेट विकास चतरथ के माध्यम से हाईकोर्ट को बताया कि पंजाब सरकार ने 12 अक्तूबर 2022 को ईटीटी के 5994 पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन में योग्यता मानकों को पूरा करने के चलते याचिकाकर्ताओं ने भी इसके लिए आवेदन किया था। 28 अक्टूबर 2022 को पंजाब सरकार ने पंजाब सिविल सर्विस नियम को अधिसूचित किया था। इसके तहत पंजाबी की अतिरिक्त परीक्षा को ग्रुप सी की सभी सरकारी नौकरी के लिए अनिवार्य कर दिया गया।

## ढाई साल में 38 तारीखों के बाद भी आरोप तय नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंचकूला** निवासी वरिष्ठ नागरिक मोहिंदर सिंह मान ने एडवोकेट सलिल देव सिंह बाली के माध्यम से याचिका दाखिल करते हुए हाईकोर्ट की शरण ली थी। 25 फरवरी, 2021 में इस मामले में पुलिस ने जिला अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके बाद अदालत में 38 तारीख पड़ीं और आरोपियों ने जवाब भी दाखिल कर दिया लेकिन आरोप तय नहीं किए गए। भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में 25 फरवरी, 2021 को चालान पेश होने के बाद करीब ढाई साल में अदालत की ओर से 38 तारीख लगाने के बावजूद आरोप तय नहीं हुए। हाईकोर्ट ने इस पर हैरानी जताते हुए मानसा के जिला जज से रिपोर्ट तलब कर ली है। पंचकूला निवासी वरिष्ठ नागरिक मोहिंदर सिंह मान ने एडवोकेट सलिल देव सिंह बाली के माध्यम से याचिका दाखिल करते हुए हाईकोर्ट की शरण ली थी। याची ने बताया कि वह पहले मानसा में रहते थे और उनकी भूमि पर आने वाले पानी का मार्ग बदल कर आरोपियों ने अपने खेत की ओर कर लिया था। इस मामले में याची ने दर्शन सिंह व अन्य के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई थी। जांच के आधार पर मानसा पुलिस ने जुलाई 2020 को एफआईआर दर्ज कर ली थी। 25 फरवरी, 2021 में इस मामले में पुलिस ने जिला अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके बाद अदालत में 38 तारीख पड़ीं और आरोपियों ने जवाब भी दाखिल कर दिया लेकिन आरोप तय नहीं किए गए।



रिपोर्ट तलब

**8 हाईकोर्ट ने इस पर हैरानी जताते हुए मानसा के जिला जज से रिपोर्ट तलब कर ली है**

## किन्नौर: नेशनल हाईवे पांच तीसरे दिन भी यातायात के लिए अवरूद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/भावानगर**
किन्नौर जिले के नाथपा में नेशनल हाईवे पांच पर तीसरे दिन भी वाहनों के पहिये थमे रहे। पहाड़ी से भूस्खलन और चट्टानें गिरने से सामरिक महत्व का नेशनल हाईवे-5 सोमवार शाम से बंद पड़ा है। सड़क का करीब 200 मीटर हिस्सा मलबे में दब गया है। जिला किन्नौर के तीनों खंडों सहित काजा और लाहौल-स्पीति की ओर जाने वाले यात्रियों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। एनएच बाधित होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। मार्ग बाधित होने के कारण कल्पा, निचार और पूह सहित काजा और लाहौल स्पीति की ओर छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। हालांकि पानवी-प्लींगी-निचार वैकल्पिक मार्ग से केवल छोटे वाहनों की आवाजाही हो पा रही है। हजारों लोग छोटे वाहनों में करीब साढ़े छह किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय कर रहे हैं। खस्ताहाल इस सड़क पर छोटे वाहन जोखिमों भरा सफर तय कर रहे हैं। नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने बाधित नेशनल हाईवे को बहाल करने के लिए मौके पर तीन जेसीबी मशीनें और 15 मजदूर तैनात किए हैं। पहाड़ी से लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण मार्ग बहाल करना चुनौती से कम नहीं है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: सहयोगात्मक ढांचे में सुधार के लिए आईएमपीसीसी बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**यूटी गेस्ट** हाउस में एक आईएमपीसीसी बैठक बुलाई गई, जिसमें यूआईडीएआई, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, दूरदर्शन, केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रेस सूचना ब्यूरो और एफसीआई सहित प्रमुख सरकारी निकायों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया। . बैठक का प्राथमिक एजेंडा आगामी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए रणनीति बनाना और प्रयासों को संरेखित करना था। प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ के एडीजी राजिंदर चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभागीय योजनाओं को जनता के सामने प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया गया। एडीजी चौधरी ने अपनी क्षमता से सभी प्रतिनिधियों से सक्रिय और सार्थक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया और उनसे राष्ट्र के लाभ के लिए जनता के साथ जुड़ी प्रभावशाली सामग्री का योगदान करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया. इसे एक साथ देश के आदिवासी जिलों में भी शुरू किया गया। हिमाचल प्रदेश में इसकी शुरूआत चंबा, किन्नौर और स्पीति के आदिवासी इलाकों में हुई। आईएमपीसीसी की बैठक में समग्र राष्ट्रीय उन्नति के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप विकासात्मक योजनाओं की एक विविध श्रृंखला को उजागर करने और बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। आईएमपीसीसी बैठक के उद्देश्यों पर विचार करते हुए, एडीजी राजिंदर चौधरी ने कहा, "आज की बैठक प्रगतिशील और विकसित भारत के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के अभिसरण का प्रतीक है।
हमारे प्रयासों को संरेखित करके और विभिन्न विभागों द्वारा की गई पहलों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करके, हमारा उद्देश्य जनता को सूचित करना है विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जिनसे वे लाभान्वित हो सकते हैं।"



संकल्प यात्रा

**8 विभिन्न विभागों द्वारा की गई पहलों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करके, हमारा उद्देश्य जनता को सूचित करना है**

## आयकर के शिकंजे में सपा नेता अबू आजमी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**महाराष्ट्र** के सपा अध्यक्ष अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। आयकर विभाग की जांच में 200 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी कबूलने के बाद भी उनको कोई राहत नहीं मिल सकी है। जुर्माने के साथ टैक्स वसूलने के बाद आयकर विभाग ने अब उनकी बेनामी संपत्तियों की पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग ने अबू आजमी की संपत्तियों की जांच बेनामी निषेध इकाई से कराने का निर्णय लिया है। इसकी जद में अबू आजमी का पार्टनर वाराणसी का विनायक ग्रुप भी है। बता दें कि आयकर विभाग, लखनऊ की जांच इकाई ने बीते अक्तूबर के पहले सप्ताह में अबू आजमी और विनायक ग्रुप के वाराणसी, मुंबई और लखनऊ स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। इसमें 200 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का पता चला था। जांच के बाद आयकर विभाग ने विनायक ग्रुप की कई संपत्तियों को जब्त भी कर लिया था। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने विनायक ग्रुप के संचालकों के खिलाफ वरुणा गार्डन के फ्लैट्स का फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र बनाने का मुकदमा भी दर्ज कराया था।



जांच शुरू

**8 200 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी कबूलने के बाद भी नहीं मिली राहत, मुकदमा दर्ज, जांच शुरू**

## 'कमजोर रहकर शांति संभव नहीं'

**नई दिल्ली:** इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा, कोई कमजोरी की स्थिति से शांति स्थापित नहीं कर सकता है, न ही बातचीत कर सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, वसुधैव कुटुंबकम के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता हमारे जीवन का तरीका है। यह देश के वैश्विक दृष्टिकोण को निर्धारित करती है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में भारत को शांति के समर्थक के रूप में जाना जाता है।

## भाजपा की नारी वंदन योजना छलावा: स्वामी प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सपा नेता** स्वामी प्रसाद मौर्य अपने बयानों से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। हिंदुओं की देवी माता लक्ष्मी पर विवादित बयान देने के बाद अब उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि भाजपा की नारी वंदन योजना एक छलावा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान दिलाने की मेरी अपील पर जिस तरीके से भाजपा विरोध कर रही है, उससे प्रतीत होता है कि भाजपा देश की महिलाओ के सम्मान की घोर विरोधी हैं। भाजपा सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण व नारी वंदन योजना दिखावा व छलावा है। यदि महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा गंभीर होती तो महिलाओ के सम्मान में दिये गये बयान का विरोध नहीं करती। स्वामी में अभी दिवाली पर माता लक्ष्मी पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि दुनिया में किसी भी नस्ल और जाति में दो हाथ वाले बच्चे पैदा होते हैं तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो गईं। अगर आपको पूजा करनी ही है तो अपनी पत्नी की करें जो कि पूरी निष्ठा से पूरे परिवार की देखभाल करती है। उन्होंने इस धर्म को धोखा बताया। उनके इस विवादित बयान के बाद उनके खिलाफ



विवादित बयान

**8 महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा गंभीर होती तो महिलाओ के सम्मान में दिये गये बयान का विरोध नहीं करती: मौर्य**

विकास कार्य

### मंदिर के आसपास होने वाले विकास कार्य और परिक्रमा पथ के लिए वाराणसी से ही बजट जारी हो रहा

## अयोध्या के कायाकल्प में काशी भी निभा रही भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**मर्यादा** पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी अयोध्या के कायाकल्प में धर्मनगरी काशी भी भूमिका निभा रही है। धर्मार्थ कार्य निदेशालय के जरिये मंदिर के आसपास होने वाले विकास कार्य और परिक्रमा पथ के लिए वाराणसी से ही बजट जारी हो रहा है। पिछले तीन साल में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट धर्मार्थ कार्य निदेशालय के माध्यम से जारी किया गया है। अयोध्या में निर्माणाधीन भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से कराया जा रहा है। इसके साथ ही राम मंदिर से जुड़े अन्य मंदिरों और परिक्रमा पथ का कायाकल्प धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से कराया जा रहा है। विभाग की ओर से राम नगरी में सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मार्ग, जन्मभूमि पथ मात्र 570 मीटर लंबा है। यह दो लेन और 15 मीटर चौड़ाई में बन रहा है। इस पर बिजली के तारों को भूमिगत करने के लिए यूटिलिटी डक्ट, स्टॉर्म वाटर नाला, स्टोन बेंच और पोल व स्ट्रीट लाइट के काम शामिल हैं। धर्मार्थ कार्य विभाग के इस काम की लागत करीब 40 करोड़ रुपये है। अयोध्या में कई मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विकसित किया जा रहा है। दरअसल, वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के पास ही धर्मार्थ कार्य विभाग के निदेशक का भी प्रभार है। शासन से धर्मार्थ कार्य विभाग को बजट जारी होता है और फिर से यहां से अयोध्या में चल रही परियोजनाओं के लिए दिया जाता है। यहां बता दें कि वर्ष 2020 में धर्मार्थ कार्य निदेशालय का गठन किया गया था और इसका मुख्यालय काशी में ही बनाया गया है। ऐसे में प्रदेश भर में धर्मार्थ कार्य निदेशालय के कामों का बजट काशी से ही जारी किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी और मार्गदर्शन में अयोध्या में विकास कार्य जारी है। शासन से अयोध्या के लिए निदेशालय को जो बजट मिलता है, उसे जारी कर दिया जाता है। - कौशल राज शर्मा, निदेशक, धर्मार्थ कार्य निदेशालय



निर्माणाधीन

**8 पिछले तीन साल में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट धर्मार्थ कार्य निदेशालय के माध्यम से जारी किया**

## पटाखा बाजार में अग्निकांड मामला: शिक्षक समेत दो और लोगों ने तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**उत्तर** प्रदेश के मथुरा में दो दिन पहले दिवाली के दिन पटाखा बाजार में हुए अग्निकांड में झुलसे दो और लोगों ने बुधवार को दम तोड़ दिया। इससे पहले दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें मृतकों की संख्या चार पहुंच गई है। खबर सुनकर घरों में चीख पुकार मच गई। घटना राया थाना क्षेत्र में पटाखा बाजार में हुई थी। आग लगने से दो भाइयों की मौत हो गई थी। अग्निकांड में झुलसे सुरीर थाना क्षेत्र निवासी वेदराम तुलागढ़ी के बेटे धर्मेंद्र उर्फ पप्पू का दिल्ली के एम्स में इलाज चल रहा था। बुधवार को पप्पू ने दम तोड़ दिया। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। जानकारी मिली तो आसपास के लोग जमा हो गए। मौजूद लोग परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे। इसके अलावा दिवाली के दिन राया के पटाखा बाजार में अग्निकांड में झुलसे अध्यापक श्रीपाल भारद्वाज की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह मांट थाना क्षेत्र के पपरेला जाबरा के रहने वाले थे।
खबर मिली तो परिवार एवं गांव में मातम पसर गया। परिजन ने बताया कि दिवाली की दोपहर वह आतिशबाजी खरीदने के लिए राया के गोपाल बाग गए थे। इसी दौरान हुए हादसे में गंभीर रूप से झुलस गए। इसके बाद उनका इलाज दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा था। बुधवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया।

